अन्दर देखा जाये तो हिन्दुस्तान में गरीब तबके का आदमी, उन के बाल बच्चे कभी बड़े से बड़े सेनापति नहीं बन सकते । यह अफसोस की बात है क्योंकि उन को ट्रेनिंग ही नहीं मिलती । उन को परम्परा निर्माण करने का अवसर ही नहीं मिलता । इसलिए मैं पूछना चाहता हूं जनता हुकूमत से कि आप कुछ करना चाहते हैं या नहीं ? क्या वे महज मरते रहें, लड़ते रहें, कुर्बानी उन की होती रहे ? आर्डर देने वाले कोई और हैं, मरने वाले कोई और हैं । मरणोत्तर पारितोषिक लेने वाले कोई और हैं और फंक्शन्स के अन्दर बड़े बड़े मेहमान बनने वाले कोई और हैं । अगर यही चीज हिन्दुस्तान के अन्दर होने वाली है तो मिलिट्री के अन्दर भी ऐसा तबका है जो समझता है कि कुर्बानी किस लिए कर रहा है। वह समझता है कि कुर्बानी मेरे मुल्क के लिए है। लेकिन मुल्क के माने मुट्ठी भर लोग नहीं हैं। मुल्क की शान के माने चन्द अफसरों की शान नहीं है। मुल्क की अहमियत, उस की इज्जत सिर्फ मिनिस्ट्री की इज्जत नहीं है, करोड़ों लोगों की इज्जत है, गरीब और दलित लोगों की इज्जत है। उन की उस इज्जत को बरकरार रखने के लिए गवर्नमेंट की क्या पालिसी है ? उसकी भी सफाई होना बहुत जरूरी है। क्योंकि गवर्नमेंट की पालिसी पर मिलिटरी चलती है। आर्यभट्ट ऊपर घूमता है। कहा जाता है कि आर्यभट्ट को देखिए, चांदिश कर रहा है, हम ने कितनी तरक्की की है इस पर फख्र किया जाता है। मगर वह सैनिक कहता है कि मेरे घर पर, देहात में, गांव-गांव के अन्दर गुरबत का भी आर्यभट्ट फिर रहा है, महंगाई का भी आर्यभट्ट फिर रहा है, फिरकापरस्ती और वर्णाश्रम का आर्यभट्ट फिर रहा है, हर महल्ले महल्ले हर घर में फिर रहा है, उस आर्यभट्ट के खिलाफ आप कौन सा टेंक इस्तेमाल करने वाले हैं, कौन सा बड़ा ऐटम बम बनाने वाले हैं? इसका जवाब हुकूमत के पास क्या है ? ऐटामिक एनर्जी में तरक्की होनी चाहिए, हमें मंजूर है। मगर उस ऐटम बम के साथ भूख का भी ऐटम बम यहां मौजूद है, भुखमरी का, गुरबत का, बेकारी का रिशवतखोरी का ऐटम बम, फिरकापरस्ती का ऐटम बम मौजूद है। और तैयार किया जा रहा है। उस ऐटम बम के खिलाफ लड़ने के लिए ये टैंक्स काम नहीं आएंगे । वह सैनिक और फौज का हर सिपाही जानना चाहता है कि हम कितने साल तक गुरबत में रहें। अफसोस के साथ कहना पड़ता है रिटायर होने के बाद वह सैनिक इसी इंटर्नल क्राइसिस के अन्दर आ जाता है, इसी गुरबत के ऐटम बम के नीचे आ जाता है। वही मंहगाई के रग्गाड़े और टैंक उस रिटायर्ड मिलिट्री मैन पर आ जाते हैं। वह बेचारा खामोश रह जाता है। हर वक्त उस को सीज फायर एग्रीमेंट करना पड़ता है। लिहाजा हिन्दुस्तान का माशी निजाम, और हिन्दुस्तान के मिलिट्री निजाम, इन के अन्दर जब तक आप कोई ईक्वैलिटी न बनाएं तब तक म सही माने में आजाद और मजबूत नहीं हो सकते। हमें पुराने सरमायादारी समाज को तोड़ना होगा, जलाना होगा। लिहाजा मैं गुजारिश करूंगा कि देश के अन्दर कम्पलसरी मिलिट्री एजूकेशन होना बहुत जरूरी है। चाहे कोई देहात में रहे, या शहर में रहे, सब युवाओं के लिए यह होना बहुत जरूरी है। आज मिलिट्री की ट्रेनिंग लेने की मोनोपली चन्द लोगों की हो गई है। दलित और पिछड़ा हुआ समाज पीछे उपेक्षित रहा है।

मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि मिलिट्री के अन्दर भी फिरकापरस्ती वर्णाश्रम व्यवस्था बहुत बढ़ रही है। वहां पर भी सिफारिशें-आली और रिश्वते-आली का बाजार बहुत बड़ा है। जिन के लिए सिफारिशें-आली और रिश्वत आली है उन के लिए सब कुछ है। वे लायक अली बनते हैं। मगर जहां पर जिस के लिए कोई नहीं है वे नालायक अली बनते हैं। वहां पर उस के लिए सिर्फ लड़ने और दुश्मन को देखने के और मौत के

[श्री केशवराव धोंडगे]

सिवाए और कुछ नहीं है। तो वह कहता है कि मै क्यो मरू ? मैं गरीब हू इसलिए मरू ? लिहाजा मिलिट्री के अन्दर हर तबके को मालूम होना चाहिए, एक छोटे से छोटे जवान को भी मालूम होना चाहिए कि मेरे और बड़े से बड़े अफसर के अन्दर कोई फर्क नही है। वह भी देशभक्त है और मै भी देशभक्त हू। मगर ऐसा अब तक नही है। फिरकापरस्ती बढ़ रही है, यह मुझ अफसोस के साथ कहना पडता है। दूसरी चीज—फिरकापरस्ती का जहा तक सवाल है, मराठा रेजिमेंट और महार रेजिमेंट, ये मिलिट्री के अन्दर हैं, क्या यह जातपात और फिरकापरस्ती नही है ? उन के ऊपर हम फख्र करते है। सालाना जलसे के अन्दर मराठा और महार रेजिमेंट की सालगिरह हम मानते है। महार रेजिमेंट के बारे मे हमे बडा फख्र है। अगर किसी को महार हम बाहर कहते है तो हम पर अनटचेबिलिटी ऐक्ट के तहत केस होता है, मगर वहा हम जात के नाम पर फख्र करते है। यह अजीब बात है, यह जातिवाद और अनटचेबिलिटी को खत्म करने का उसूल क्या मिलट्री के लिए नही है ? अगर मिलिट्री के अन्दर जाति के धर्म के लिहाज से, वर्ण के लिहाज से ऐसे ही भेद बनाते रहेगे तो मेरे ख्याल मे वह दीमक है और यह फिरकापरस्ती का दीमक मिलिट्री के अन्दर भी लग जाये तो इस से बड़े अफसोस की बात और क्या हो सकती है इससे आजादी को भी दीमक लगेगी ? लिहाजा मैं हुकूमत से गुजारिश करूंगा कि इस को तोड़ना चाहिए और ईक्वैलिटी की बेसिस पर क्रान्ति और समाजवाद की बेसिस पर इस को बनाना चाहिए। हम बदलती हुई दुनिया को देखें और बदलती हुई दुनिया के इन्कलाब के लिहाज से हमारा मुल्क हमारी जनता मजबूत बने। मजबूत हमारा सैनिक भी होना चाहिए और हमारा देश जो गरीब है वह भी मजबूत होना चाहिए। मजबूत उन लोगों को भी होना चाहिए जो कमजोर है। करोड़ों लोगों के हाथ कमजोर रख कर मिलिट्री मजबूत नही बन सकती। देश की जनता को गरीब और बेकार भूखा रख कर फौज कभी मजबूत नही हो सकती है। चाहे हजार एटम बम क्यों न बना दिये जाए, जब तक भूख का एटम बम हर मोहल्ले मे घूमता है, हम भी कभी कामयाब नही हो सकते। लिहाजा जो गुरबत का मामला है, ऊंच नीच का मसला है उस को भी हमें तोड़ना है। उसके साथ-साथ मिलिट्री मे जो ग्रेडेशन्ज हैं, इनइक्वैलिटीज है, उन को भी दूर करना है। महाराष्ट्र मे गये-जमाने से वारियर्स की परम्परा थी। अफसोस की बात है—आज हिन्दुस्तान मे मिलिट्री मे भी चन्द स्टेट्स की मोनापोली हो रही है। अब समय आ चुका है जब हर स्टेट्स के लिये भी रिजर्वेशन की जरूरत है। महाराष्ट्र मे मिलिट्री मे दिन-ब-दिन पर्सेन्टेज कम हो रहा है, जैसे कि गरीब दलित लोग गवर्नमेंट सर्विस मे चतुर्थ श्रेणी मे तो 90 फीसदी है लेकिन प्रथम श्रेणी मे 0 0 परसेंट ही उन की संख्या है। क्यो ? कहते है कि लोग ही नही मिलते। यही हालत मिलिट्री मे भी हो रही है। लेकिन इस हालत को तोड़ना चाहिए। महाराष्ट्र मे मिलिट्री पर्सोनल मिल सकते है, लेकिन उन के लिये ट्रेनिंग का कोई रास्ता नही है, कोई मिलिट्री के स्कूल नही है। बड़े-बड़े लोगों के बच्चे तो मिलिट्री कालिजेज मे शहरो मे घर के पास जा सकते है पांच साल की उम्र के बाद जा सकते है, लेकिन हमारे बच्चे, किसान के बच्चे, देहाती बच्चे, दलित के बच्चे, चाहे वे किसी भी मजहब या मिल्लत के हो, वे भी चाहते है कि हम देश की खिदमत करे, आजादी की बरकरारी के लिए हम भी कुर्बानी दे, लेकिन उन के लिए कोई मौका नही है। मै जनता गवर्नमेंट से पूछना चाहता हूं—क्या आप ने कोई रेडिकल चेन्ज बताया है, जिस से एक दलित कह सके कि मिलिट्री मेरी है, यह बजट मेरा है और मुल्क

की हिफाजत करने का काम भी मेरा है? इसकी मोनोपोली किन्ही चन्द लोगो की नही होनी चाहिए। जनता पार्टी इस बजट मे किस का डिफेन्स करती है? सरमायादारो का पूजीपतियो का और उच्च वर्गीयो का बाहर दुश्मन के खिलाफ हमारे देश का डिफेंस करती है और अन्दर बडे-बडे मोनोपालिस्ट लोगो का डिफेंस करती है। यही जनता सरकार की सपूर्ण क्राति की नीति है? एक साल गुजर गया, कौन सा आमूल परिवर्तन हुआ। 30 साल तक कांग्रेसी हुकुमरानो ने नही किया मगर आप क्या कर रहे हो। यह मै जनता सरकार से पूछना चाहता हू। आपका भी वही रास्ता नजर आ रहा है। लिहाजा मै गुजारिश करूगा कि महाराष्ट्र मे और दूसरी कई स्टेट्स मे, बगाल, पजाब, उडीसा गुजरात मे, हर जिले मे मिलिट्री स्कूल्ज और मिलिट्री कालिजिज खोलने की जरूरत है। खास तौर पर महाराष्ट्र के मराठवाडा और विदर्भ मे अगर हर जिले के लिए भी आप मिलिट्री स्कूल कायम करे, तो बहुत अच्छा होगा। दिहाती नोजवानो को अगर आप मिलिट्री का तालीम नही देते, वह क्या चीज है, यह नही बताते करिकुलम मे और तालीम के कार्स मे मिलिट्री का सब्जैक्ट नही रखते, तो काम कैसे चलेगा। मेरी गुजारिश है कि मिलिट्री का सब्जैक्ट कम्पलसरी होना चाहिए। हर स्कूल और कालेज मे पढाना चाहिए। जब जग शुरू होती है तब मससशन आता है कि हम सब एक है। देश भक्ति उभरती है। जब कोई हमला करे, हमारी जमीन लेले, हमारे जवान मारे जाए, तब हमारा मुल्क जाग उठता है। कई शहरी गीत बनाते जाते है और रेडियो पर समर-गीत गाये जाते है लेकिन क्या समर-गीत बनाने से हम बहादुर बनते है? उस से हमे चन्द लोगो मे जोश पैदा कर सकते है, लेकिन जग नही जीत सकते। अमल मे जग जीतने के लिए मजदूरो और देहाती तबके के लोगो के हाथो मे बन्दूक देनी चाहिए और उन्हें देशभक्त बनाकर उन मे इस की समझ भी पैदा करनी चाहिए। लिहाजा महाराष्ट्र मे और मराठवाड़ा विद में हर देहात मे, हर जिले के लिये, कम से कम एक मिलिट्री स्कूल और मिलिट्री कालिज बनाने का आप इन्तजाम करे। यह माग मैने कई बार की है।

एन सी सी के बारे मे क्या कहू, उसका कारोबार तो बहुत ही बुरा है। सही मायनो में अगर इनकलाब चाहिए, चन्द लोग कहते अलिफ अफसर अच्छा है इसलिए मिलिट्री अच्छी है तो आपके रिमार्क से हमको खुशी नही है। देहात का आम गरीब आदमी चाहता है कि मिलिट्री हमारी हो, उस पर हमारा भरोसा हो। यह चीज तभी हो सकती है जब उसका अहसास हो कि मिलिट्री हमारी है। जिसके बच्चे मैदाने जग मे कुर्बान हो जाते है, शहीद हो जाते है, वह अफसोस करता है कि मेरा बच्चा शहीद हो गया लेकिन मै नस्बलऐन पूरा नही कर सकता मै बच्चो को तालीम नही दे सकता, रहने के लिए मकान नही है और खाने के लिए इन्तजाम नही है। इसका हम कब तक बर्दाश्त करेगे? आज दिया का माहौल बदला है, इनकलाब का जमाना है, चीन और रूस बडे हुए है, अगर हमको चीन से जमीन निकालनी है तो शेकहैंड करेंगे और डिनर पार्टी देकर मसला हल नही होगा। महारानी और टी० बी० के हाथ मे शेकहैंड कौन करेगा? और हमारी इज्जत और शान क्या रहेगी? कमजोर हाथ का शेकहैंड शिकस्त की निशानी होती है। उनके साथ शेकहैंड जरूर करना चाहिये, लेकिन शेकहैंड मे हमारी धरती तो मिलने वाली नही है। मुल्क को कमजोर रख कर आजादी का तहफ्फुज नही किया जा सकता, जो हमारी धरती चीन ने छीनी है या पाकिस्तान ने हमारी जिस भाग पर काश्मीर मे कब्जा किया हुआ है, उस को वापस नही लाया जा सकता है। अगर हम को अपनी मातृभूमि के हिस्से का वापस लेना है तो पूरे मुल्क को जाग्रत करना

[श्री केशवराव धोंडगे]

होगा। [illegible] करना होगा। आजादी को बरकरार रखने के लिए मिलिट्री का हमारा फर्ज नहीं है, हमारे यहां उस को ट्रेनिंग की जरूरत है, तालीम की जरूरत है इन्कलाबकी की जरूरत है और इस के लिए आप को सारा ढांचा बदलना होगा। मुझे अफसोस के साथ कहना पड रहा है कि जो जनता पक्ष की नई इन्कलाबी रोशनी आई है वह इस बजट मे दिखाई नहीं देती है। आप का यहा आये हुए एक साल हो गया है लेकिन यही हालत चलते रहे तो कोई इन्कलाब नही आ सकता। इस सैनिक व्यवस्था के अन्दर आप को आमूल परिवर्तन करना होगा, मुल्क के हर बशर के अन्दर इन्कलाबकी का माद्दा पैदा करना होगा, सही किस्म की मिलिट्री तालीम देनी होगी। देश भक्ति मातृ प्रेम, हिम्मत बाहर के देशों से आयात नहीं किये जा सकते।

मेरे नान्देड जिले में एक कन्धार तहसील का गांव है। 1971 में हमारे बहादुर नौजवानो ने बंगला देश की लड़ाई में बहुत बहादुरी दिखाई थी बंगला देश को आजाद कराया था, आक्रामक पाकिस्तान को शिकस्त दी थी। बडी कुर्बानियां की थीं। इस बार मिमोरियल के लिये उन की यादगार में हमने "जय बंगला हुतात्मा विजय स्मारक समिति' की तरफ़ से वहा विजयगड में सरकारी गायरान सर्वे न० 21 के स्थान पर एक स्मारक बनाया है, मुजीब पार्क भी बनाया है, मीनार बनाया है। यह मीनार शहीदो की मीनार हमारा देवता है, जो हमारे बहादुर शहीद नौजवानो की कुर्बानियों की याद दिलाता है। हमने अपने डिफेन्स मिनिस्टर से यह दरख्वास्त की थी कि उस जगह के लिये विजयगढ़ पर मुजीब पार्क हमें कोई "पैटन टैंक" या "सैबर जैट" विमान दें ताकि हम उस को वहां पर उस विजय की निशानी के तौर पर रख सकें। हमारे महाराष्ट्र के चीफ मिनिस्टर श्री वसंत दादा पाटिल ने भी इस के लिये माननीय रक्षा मंत्री महोदय को सिफारिश की है कि यह हमें जरूर दिया जाना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि आप हमारी इस मांग को जरूर पूरा करेंगे। और इस राष्ट्रीय स्मारक और ऐतिहासिक वार-मेमोरियल का गौरव करेंगे।

इस के अलावा हर स्टेट के अन्दर हर जिले के अन्दर मिलिट्री कालेज और मिलिट्री स्कूल कायम करेंगे और हमारे मिलिट्री के ढांचे में बुनियादी तौर पर इन्कलाबी तरमीम कर के उस को सही मायनो में मजबूत बनायेंगे, ऐसी मे सरकार से गुजारिश करूंगा।

इन अल्फ़ाज के साथ "जय क्रान्ति" कह कर मैं अपना भाषण खत्म करने से पहले बहादुर शहीदो और शूर जवानो को जयक्रांति से मानवंदना देकर आप से रुखसत लेता हूं।

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो० शेर सिंह) सभापति महोदय, अनेक माननीय सदस्यो ने सुरक्षा के खर्चे के बारे में अपने-अपने विचार रखे। कुछ माननीय सदस्यों का यह मत है कि हमको सुरक्षा पर अधिक खर्च नही करना चाहिये या इस खर्च को घटाना चाहिये, क्योंकि हमारे सम्बन्ध अपने पड़ौसियो के साथ अब सुधर रहे हैं, चीन के साथ और पाकिस्तान के साथ भी सम्बन्धो में काफी सुधार हुआ है। इस लिये उन का ख्याल है कि इस में कुछ कटौती की जाये और देश के विकास के कामो में अधिक पैसा लगाया जाय, तो शायद इस देश के लिये ज्यादा उपयोगी सिद्ध होगा।

दूसरी तरफ कुछ माननीय सदस्यों ने बड़े जोर से कहा कि अगर हम यह सोच कर फिर सो गये कि अब पड़ौसियों से हमारे सम्बन्ध सुधर रहे है और सतर्क नही रहे, हम ने अपनी शक्ति का मजबूत नही किया, तो किसी समय भी देश पर आक्रमण हो सकता है और उस वक्त देश को नीचा देखना पड सकता है। दोनो विचारो मे कुछ कुछ सचाई है। हम यह नही कह सकते कि दोनो विचारो मे कोई बिलकुल गलत है, दोनो विचार अपनी-अपनी जगह ठीक है। इसलिये दोनो विचारो का समन्वय करते हुए, सन्तुलित चिन्तन करना बहुत आवश्यक है। हम को देखना है कि हमारे देश की आर्थिक व्यवस्था क्या है। हम को यह भी देखना है कि विश्व मे कौन सी और कैसी परिस्थितियां हैं। हमारा देश गरीब है, एक तरफ यह बात सच है और दूसरी तरफ यह बात भी सच है कि शान्ति के सब प्रयास करने के बावजूद शस्त्र, अस्त्रो की होड अभी तक दुनिया मे कम नही हो रही है बल्कि वह बढ रही है। तीन, चार साल पहले जहा 225 अरब डालर शस्त्रो और अस्त्रो के निर्माण पर खर्च होता था, अब वह 300 डालर अरब से भी अधिक उन पर खर्च हो रहा है और शान्ति के जो प्रयास है, वे अभी सफल हो रहे हैं, ऐसा नही कहा जा सकता। एक ओर ससार की परिस्थितियां है और दूसरी ओर हमारे देश की गरीबी है। उन दोनो को ध्यान मे रख कर संतुलित चिन्तन कर के भारत ने यह प्रयत्न किया है कि एक तरफ तो अपने देश की सुरक्षा है और हम को अपने देश को मजबूत बना कर, आधुनिकीकरण कर के अच्छे हथियार अपने सिपाहियों को, अपनी सेना को देने हैं और दूसरी तरफ विकास के काम न रुकें उसके लिए भी काफी पैसा रहना चाहिए। अगर [illegible] पिछले [illegible] के बजट का देखें तो आप यह [illegible]

कि 1969-69 में हमारे देश का जितना बजट था उस का 32 9 प्रतिशत सुरक्षा पर खर्च होता था और उस के दस वर्ष बाद 1978-79 मे वह प्रतिशत घट कर 21 5 रह गया है प्रतिशत का अगर हिसाब लगाए, तो वह ढाई-तहाई रह गया हैं और विकास के कामो के लिए पैसा और अधिक हो गया है। प्रतिशत के हिसाब मे सुरक्षा के लिए खर्चा बहुत कम हो गया है। ससार के ऐसे बहुत से देश हैं जहा पर राष्ट्रीय आय का 35 और 37 प्रतिशत सुरक्षा पर खर्च होता है। लेकिन हमारे देश मे अभी तक यह 4 प्रतिशत से नीचे 3 7 प्रतिशत के करीब खर्च रहा है। इस लिए इन सब बातो पर विचार कर के एक सतुलित चिन्तन कर के सुरक्षा का हमारा काम चल रहा है।

भारत एक शाति प्रिय देश है। भारत ने किसी पर आक्रमण नही किया, इतिहास इस बात का साक्षी है लेकिन कोई आक्रमण करे तो उसका मुह-तोड जवाब दे सके यह शक्ति जरूर रहनी चाहिए और इसका भारत ने प्रमाण दिया है हमारे सैनिक ससार के सैनिको मे बहुत ऊंचा दर्जा रखते है और यदि हम यह कहे कि भारतवर्ष के मुकाबले मे शायद ही किसी देश के इतने वीर सैनिक मिलेगे, तो इसमे कोई अतिशयोक्ति नही होगी पर हमारे जो सैनिक है, उन को अगर हम ठीक ढग से नये हथियारो से सुसज्जित न करे तो उनकी जो वीरता है, उस से जो लाभ हो सकता है, वह राष्ट्र को नही मिलेगा, पूरा लाभ हम उनकी वीरता का राष्ट्र को नही दे सकेंगे।

सभापति महोदय, इस देश की सुरक्षा की चार भुजाएं हैं। तीन भुजाएं तो हमारी सेनाएं है, थल सेना, वायु सेना और नौ सेना

[प्रो० शेर सिंह]

और चौथी भुजा है रक्षा-उत्पादन। अगर हमारी फौज वीर हो, बहादुर हो और पूरी ट्रेन्ड हो, सब कुछ हो, लेकिन अगर उस के पास साधन ठीक न हो और हमारी यह चौथी भुजा कमजोर हो चतुर्भुज विष्णु के रूप में हमारे सामने सुरक्षा का जो सारा संगठन है, तो हमारा काम नहीं चल पाएगा इस सारे संगठन में यह आवश्यक है कि चौथी भुजा भी मजबूत होनी चाहिए।

16.00 hrs.

मैं केवल चौथी भुजा के सम्बन्ध में ही कुछ निवेदन करूंगा। बाकी जो तीन भुजाएं है उन के सम्बन्ध में रक्षा मंत्री जी कल अपने विचार रखेंगे और विस्तार से बताएंगे और जो प्रश्न उठाये गये है उनका उत्तर भी देंगे। रक्षा उत्पादन के मामले में हमारे देश में पिछले 15 वर्षों में बहुत वृद्धि हुई है। इस समय हमारे देश में 32 डिपार्टमेंटल फैक्टरीज है और उन में जो चीजें पैदा होती है आपकी आज्ञा से मैं उन के बारे में पढ़ कर सुनाता हूं। बैटल टैंक्स, हाइली सोफिस्टीकेटिड गन्स, राकेट, वेराइटी आफ वेहीकल्स, एक्सप्लोसिव्ज प्रोपेलेंट्स, एम्युनिशन, क्लोदिंग, पैराशूट्स, लेदर आइटम्स जैसी बहुत सारी चीजें जिनकी हमारी सेना के लिए आवश्यकता है, हमारी 32 फेक्ट्रीज में बन रही हैं। बहुत से माननीय सदस्यों ने यह कहा है कि हमें आत्मनिर्भर होना चाहिए और सेना की आवश्यकता की चीजें हमें अपने देश में उत्पन्न करनी चाहिए। इस बारे में मैं बता दूं कि हमारी इन फेक्ट्रीज में जो चीजें पैदा होती हैं उनके लिए बहुत थोड़े हिस्से पुर्जे हमें बाहर से लेने पड़ते हैं। पूरी की पूरी चीजें हम नहीं लेनी पड़ती है। हम अपने देश में कितनी चीजों को बनाने के लायक हो गये हैं, इस सबंध में मैं निवेदन कर दूं कि हमने शक्तिमान और निशान के मामले में 96 प्रतिशत और 94 प्रतिशत तक भारतीयकरण हो चुका है। टैंक जो हम अपने देश में बना रहे हैं उनमें भी हम 95 प्रतिशत तक भारतीयकरण हो चुका है आर्डिनेंस फेक्ट्रीज में जितने हम छोटे हथियार बनाते हैं, उनके लिए गोला-बारूद बनाते हैं, आर्म्स एण्ड एम्युनिशन बनाते है, अगर हम हिसाब लगाये तो केवल हमें 9 प्रतिशत ही सामान का उनके लिए आयात करना पड़ता है। कुछ रा मेटेरियल है, कच्चा माल है जो हमारे देश में उपलब्ध नहीं है, उनके लिए जिस ढंग की धातुएं चाहिए, वे धातुएं हमारे देश में उपलब्ध नहीं हैं, वे हमें बाहर से लेनी पड़ती है यह जरूरी नहीं है कि हमें बनी-बनाई ही चीज लेनी पड़ती हो, थोड़ी जरूर लेनी पड़ती हो लेकिन अधिकतर हमें कच्चा माल लेना पड़ता है जोकि इन चीजों के निर्माण के लिए आवश्यक है। यह सब केवल 9 प्रतिशत तक ही लेना पड़ता है, बाकि 91 प्रतिशत हम अपने देश में ही बनाते है।

इनके अलावा हमारे 9 पब्लिक अण्डर-टेकिंग्स है जो कि रक्षा उत्पादन के काम में लगे है। जैसे हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स है जो कि हवाई जहाज बनाता है, कई प्रकार के हवाई जहाज बनाता है। वहां ट्रेनिंग के लिए भी हवाई बनते है। नट हवाई जहाज जो कि इतना मशहूर हवाई जहाज है, उसकी इम्प्रूव्ड वर्सन अजित हवाई जहाज वहां बन रहा है। हेलिकाप्टर्स भी वहां बनते है। एच० एस० न० 748 बनता है, मिग हवाई जहाज बनता है और उसका जो नया रूप है वह भी वहां बन रहा है। इसी तरह से जो भारत इलेक्ट्रोनिक्स कारखाना है उसमें रेडार और दूसरी सैकड़ों चीजें जो कि आवश्यक हैं, वे वहां बनने लगी हैं। इसके साथ-साथ हमारे देश में जहाज, बनाते फ्रिगेट्स

बनाने, सर्वे वेसल्स बनाने और दूसरी जितनी भी नेवी की आवश्यकता की वस्तुएं हैं वे यहां बनने लगी हैं। सबमेरींस वगैरह तो अभी नहीं बनने लगे हैं। वे भी बनने लगेंगे। उनके लिए प्रयास चल रहा है, बातचीत चल रही है। सब प्रकार के सर्वे वेसल्स, फ्रिगेट्स इन सब में हमारा राष्ट्र काफी आगे बढ़ रहा है और इनके लिए हम 60 प्रतिशत चीजें अपने देश में ही बनाने लगे हैं।

इसी तरह से जो हवाई जहाज हमारे देश में बन रहे हैं, उनके भी हजारों पुर्जे ऐसे हैं जो कि हमारे देश में बनने लगे हैं। मिग के छोटे-बड़े कोई 2300 पार्टस आज हमारे देश में बन रहे हैं और भी पुर्जे बनाने का काम बहुत आगे बढ़ रहा है। यह जो रक्षा उत्पादन का उद्योग है, उसके बारे में यदि हम हिसाब लगायें तो हमारी इन 32 फैक्ट्रीज में और 9 पब्लिक अण्डर-टेकिंग्स में साढे आठ सौ करोड़ रुपये के करीब का उत्पादन किया जाता है। डा० कर्णसिंह जी ने कहा कि एक हजार करोड़ रुपए का हम उत्पादन कर रहे हैं। एक हजार करोड़ रुपए का उत्पादन शायद इस साल में 1978-79 में हो जाएगा। इस प्रकार से हम अपने देश में ही बहुत सारी चीजें बना रहे हैं। हम अपनी थल सेना, वायु सेना और नौ सेना के लिए जहां हम हथियार गोला बारूद बनाते हैं, उनके साथ साथ हम जहाज, हवाई जहाज, मिसाइल, राकेट्स भी अपने देश में बनाने लगे हैं। उसमें प्रगति और आगे हो रही है। इंडि-जिनाइजेशन का जो काम है उस में और तेजी से हम आगे बढ़ रहे हैं। भारत इलेक्ट्रोनिक्स में इस समय हम केवल 22 प्रतिशत बाहर से लेते हैं, बाकी 78 प्रतिशत अपने देश में ही बनने लगे हैं। भारत अर्थ भूवर्ज में 20 प्रतिशत केवल बाहर से हिस्से पुर्जों की शक्ल में लेते हैं, बाकी देश में बनते हैं। इसी तरह शिप बिल्डिंग के क्षेत्र में 26000 डड वेट तक के टनेज के जहाज हमारे देश में अपने ही डिजाइन से, सब कुछ अपने ही तौर पर हम निर्यात करने लग गए हैं। लिएंटर क्लास के जो जहाज हैं वे भी बने हैं। फ्रिगेट में 60 प्रतिशत के करीब हम अपने देश में बनाने लगे हैं और 40 प्रतिशत के करीब बाहर से लेते हैं। अगले पांच साल के प्रोग्राम में दस करोड़ रुपय हिन्दुस्तान ऐयरनोटिक्स ने इसी काम के लिए रखा है, इंडिजिनाइजेशन के लिए रखा है।

पिछले दिनों एक प्रदर्शनी लगी थी जिसमें हमने दिखाया कि कौन-कौन सी चीजें हमारे अपने देश में बनने लगी हैं और कौन-कौन सी चीजें नही बनती है और कौन-कौन सी चीजें ऐसी है जो हम अपने देश में बना सकते हैं। उनका प्रदर्शन वहां हमने किया। जितने भी प्राइवेट और पब्लिक सक्टर में लोग लगे हुए हैं जैसे एच एम टी है, बी एच ई एल है, इसी तरह से बड़े-बड़े और हमारे पब्लिक सैक्टर अंडरटेकिंगस हैं उनसे भी हम सहायता लेते हैं। उन सब से निवेदन किया कि वे आ कर देखें कि कौन कौन से कल पुर्जे हैं जो बना सकते हैं उनके पास क्षमता है तो हम उनको बाहर से क्यों मगांएं, क्यों न अपने देश में जो क्षमता है उसका इस्तेमाल करें। डा० कर्ण सिंह ने कहा कि जो रिसर्च डिवेलेपमेंट का काम करते हैं, निर्माण का काम करते हैं उस में केवल जो रक्षा से संबंधित हमारे संस्थान हैं हम केवल उन्हीं तक उत्पादन को सीमित रखें यह ठीक नहीं होगा क्योंकि सारे राष्ट्र का काम है, राष्ट्र के पास जितने भी साधन हैं उन सब साधनों का उपयोग किया जाना चाहिये। उन्होंने यह ठीक बात कही

[प्रो० शेर सिंह]

है। इसी दृष्टि मे एक सम्मेलन भी हमने बुलाया था सभी उद्योग धधा मे लगे हुए लोगो का। जितनी और जो-जो भी क्षमता उनके पास है हम ने उन से चाहा है कि वे सारी क्षमता का लाभ उठाए और जो चीज हमे बाहर से लेनी पडती है उसको अगर हम यही बना सकते है, उसका टैक्नीकल नौ हाऊ हमारे पास है, किसी के भी पास है, तो हम उसके आधार पर निर्माण के काम अपने देश मे शुरू करे, पब्लिक सैक्टर मे हो सके तो वहा और वहा न हो सके तो प्राइवेट सैक्टर मे।

एक प्रश्न श्री रोड्रिग्स ने उठाया है और बडे खतरे की बात कही है। उन्होने कहा कि अगर हम प्राइवेट सैक्टर को बीच मे ले आते है और उन के द्वारा अगर आप इनका निर्माण करवाना चाहते है तो वे लाबी बन कर किसी दिन भी आपके लिए खतरा पैदा कर सकते है। यह प्रश्न पहले भी उठाया गया है। राज्य सभा में भी और लोक सभा मे इसको उठाया गया था। तब स्पष्ट कर दिया गया था कि जो हथियार है, जो एण्ड प्रोडक्टस ( end Products ) है वह केवल जो सरकारी फैक्टरिया हैं या जो पब्लिक सैक्टर अडरटेकिंग्ज हैं डिफेंस की वही बनाएगी लेकिन सब असैम्बलीज है, कोई पार्टस हैं, कोई कम्पोनेंटस हैं वे सिविल सैक्टर के अन्दर भी बन सकते है चाहे वे पब्लिक सैक्टर मे ही हो या प्राइवेट मे हो। उनकी हम सहायता ले सकते हैं। लेकिन केवल कम्पोनेंट्स बनाने मे, सब असैम्बलीज के बनाने के और उन मे भी जो कम्पोनेंट क्रिटिकल कम्पोनेंट होगे, जिन की वजह से काम रुक सकता है अचानक अगर उनकी सप्लाई ठीक से और समय पर न हो तो वे सिविल सैक्टर में नहीं जाएगे वे डिफेंस सैक्टर में रहेंगे। इसलिए कोई खतरे की बात नहीं है। सिविल सैक्टर में जितनी चीजें बनेंगी वे भी केवल एक पार्टी तक सीमित रह जाएं, एक ही आदमी बनाए ऐसा नही होगा। जितने भी लोग, दो चार पाच होगें उन सब को प्रोत्साहन देगे। सिविल सैक्टर मे जितने लोग सामने आए जितने बना सकते है हम समझते है कि एक से अधिक सोर्स हमारे पास रहना चाहिए। एक ही सोर्स हो तब तो खतरा हो सकता है। लेकिन अगर हम इस सोर्स के बजाय कई सोर्स बना ले, और जो हमारी नीति प्रोत्साहन केवल एक सोर्स तक सीमित नही रखते है, जितने सोर्स होते है उन सबका प्रोत्साहन देते हैं। इसलिए यह आशका निर्मूलनवादी है। राष्ट्र के पास जो भी क्षमता है डिफ़ेंस मे या उस के बाहर आत्म-निर्भरता प्राप्त करने के लिए अपने देश मे सारी क्षमताओ को मिला कर, उन सब का लाभ उठा कर आत्म-निर्भरता की ओर बढ सकें इस दृष्टि से यह सब काम किया गया। तो इस मे कोई खतरे की बात नही है। और सब लोगों ने काफी सद्भावना इस मे दिखाई है। पब्लिक सैक्टर और प्राइवेट सैक्टर अन्डरटेकिंग्स ने काफी रुचि ली है और चार हजार के करीब हमारे पास मागें फला-फला चीज बनाना चाहते है हमको सहायता और गाइडेंस दी जाय, टेक्नीकल नो हाऊ दी जाये, स्पेसिफिकेशन्स दी जाये। उस बारे मे हिदायते हैं और हमारे जितने भी अधिकारी इस क्षेत्र मे काम करने वाले है, साइंटिस्ट है वह सब लगे हुए हैं और हम सब का प्रयास होगा कि जो चीजें अपने देश मे पैदा कर सकते है वह जल्दी से जल्दी पैदा करे।

जहा तक रिसर्च और डेवलपमेंट का सवाल है इस देश मे पिछले दिनो मे काफी प्रगति हुई है। इस समय कोई 80 करोड से ऊपर एक वर्ष मे हम खर्च कर रहे है और जो हमारे साइंटिस्टस

इस काम में लगे हुए है, 9, 10 हजार के करोब इंडस्ट्रियल लेबर भी लगा हुआ है, इस प्रकार हमारा रिसर्च और डेवलपमेंट का काम बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है और मनो दिशाओं मे जितने किस्म के हथियार हो सकते है, हवाई जहाज वगैरह जो भी आवश्यक चीजें हैं उन सब में हर सैक्टर मे रिसर्च और डेवलपमेंट का काम बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इसलिये इंडिजिनाइजेशन और आत्म-निर्भरता की तरफ़ हमको जो बढ़ना चाहिये उस में मार्च के बाद जब से जनता सरकार सत्ता में आयी तब से इसके ऊपर बहुत ज्यादा जोर दिया गया है और एक साल के अन्दर बड़ी सफलता मिली है। और इस गति से चलकर 4, 5 साल में आशा करते है कि सिवाय उन चीजों के जो हम को बहुत थोड़ी मात्रा में चाहियें, और जो दुनियां मे आसानी से मिलती है, या कोई ऐसा रा-मैटीरियल जो अपने देश मे नही बना है, जैसे मिश्रित धातु आदि चीजों को छोड़कर, या बहुत हाइली सार्फिस्टिकेटेड है उनको छोड़ कर बाकी सब चीजें देश मे पैदा होने लगेगी और आत्म-निर्भरता की ओर काफ़ी तेजी से आगे बढ सकेंगे ।

एक बात के बारे मे काफ़ी माननीय सदस्यों ने कहा कैन्टनमेंट ऐक्ट 1924 में बना था जिस के चलने बहुत सी जगहों पर काफी कठिनाई हो रही है, उस में संशोधन कर के एक नया ऐक्ट लाना चाहिये। इसका आश्वासन इस सदन में पिछले वर्षों में दिया था, लेकिन मैं आज फिर कहना चाहता हूं कि इस सत्र में तो नहीं लेकिन अगले सत्र में हमारा प्रयास होगा कि संशोधित बिल इस सदन के सामने पेश कर सके, और जो कठिनाइयां लोगो को हो रही है, ऐसे लोगों की जो सैकड़ों सालों से वहा बैठे हैं और पुराना कानून चल रहा है, बहुत सारी दिक्कतें है उन दिक्कतों का दूर कर सकें यह हमारा प्रयास होगा । इस से अधिक और मै नही कहना चाहूगा । विशेष तौर पर डिफ़ेंस प्राडक्शन के बारे में अपने विचार मै रखना चाहता था जो आपकी आज्ञा से मैंने रखे।

SHRI RINCHING KHANDU KHRIME (Arunachal West): At the outset, let me pay my tribute to the five brave Air Force officers who sacrificed their lives to save the life of the Prime Minister and others. I am paying this tribute again because I was one of the occupants of that ill-fated aircraft.

As I have not received the Annual Report of Defence Ministry, I cannot comment on that, but as I belong to one of the border States of this country, I know the practical difficulties and the merits and demerits of our armed forces as also the facilities and amenities to be provided to them. On the question of the relation between the armed forces and the civilian population, I do not exactly want to blame our armed forces as this is due to our basic policy, basic rules and regulations framed for them, because they are very disciplined forces and whatever they have been asked to do, they will carry out. So, unless we change the basic rules and regulations, I do not think there will be any change for the better in the relations of the armed forces and the civilian population in the interior border areas.

In 1972, Rs. 31 crores was allotted for the construction of married accommodation for the armed personnel in Arunachal Pradesh, but after spending Rs. 13 crres, the scheme was suspended. Thereby, the amenities and facilities that we wanted to give the army personnel staying in the

[Shri Rinching Khandu Khrime]

border areas were not provided at all. Instead of giving them proper facilities and even better amenities and bringing their families nearer to them, we have rather provoked them because we could not provide the required accommodation for them. Hence, I would very sincerely plead through you that more funds should be allotted for the construction of married accommoddation for the forces, those who are serving in the interior border areas.

We see their life when they are in the messes, but we do not see their lives, or rather we cannot share it, whatever our friends here may say, when they are on the battle front, when they are having their exercises in the months of December and January in snow at a height of 16,000 feet. I would therefore plead that when they go back to the rear areas in the off-season for a limited time, they should have facilities for utilising it properly.

For providing accommodation, Government needs to acquire land. We have some problems on this score. After 1962 we had to gear up our forces in the border areas. At that time a lot of cultivated land was acquired and also hired. I have personally written to the Defence Minister on this matter. There are certain portions which have to be de-hired. I would draw attention to the fact that it was agreed that a particular plot of land at Rupa would be de-hired and handed over. Accordingly, the land was vacated in December, 1976. But uptill now the handing over and taking over has not been over. Let us see the implication of this. The implication of this is that it will jeopardise the better relations between the army personnel and civil population. Our people do not understand about the handing over and taking over formality. They know the land is vacated and henceforth this should be given to them. When they go to the field to cultivate on the vacant land, they are threatened and driven out of the land by the army authorities. I have got many memoranda from the people saying that they have been deprived of their rights. I would, therefore, appeal to the hon. Defence Minister through you, to take immediate action on this not because that I have my personal interest to preserve better relations between the forces and the civilian population. We had been supporting them both morally and practically at the time of eventualities. In 1962 when we had been badly betrayed by China, we had supported them all through. At that time also, people had exhibited that they were staunch nationalists. I would say that in that part of the country, there is no such activity like underground activity.

I have a few problems to mention here like marketing of local produce. We thought, our forces are here and we have the ready markets to sell out our products. There are very good senior officers also who take initiative to buy them. In Ladakh people have formed cooperative societies through which they have been supplying local produce to the army. We wanted to do the same. But because of the laid down rules, contract tenders, etc. the local people have been deprived of their produce being disposed of to army personnel. There, the army require vegetables, etc. worth Rs. 20 to 30 lakhs every year but as a result of these difficulties, we cannot sell our vegetables. They say that our people do not supply fresh vegetables like potatoes, etc. whereas vegetables brought by contractors from places like Patna become fresh to them. I would sincerely request the Minister through you, that certain percentage should be kept for the purchase of local produce; thereby we can boost the economy of the people there.

Let me come to some of the problems faced by our Armed Forces personnel. I was one of the occupants of the ill-fated aircraft which crashed on 4th November, 1977. When I was in hospital, I had seen a few problems about doctors and nursing officers. They say that they have been posted at some place although there is a Government rule that the serving husbands and wives should be together wherever they are. If the husband is in a forward area or in an interior area and the wife is in peace area, I can understand that, but if the husband is posted at places like Lucknow or Hyderabad, I do not see any reason why the husband and wife should be posted at different places. I hope, the hon. Minister will look into it.

We are talking about ECOs. When we need them, we call them and when we do not need them, we do not think of their future. After serving in the army, when they are retired, they do not know where to go. At times, it so happens that they join in the lower rank of the para-military organisation. But whenever there arise vacancies in the higher rank equivalent to their rank in the Army, they should be promoted instead of directly recruiting persons to those posts. And the problem of seniority and pay scale will not build up the morale of our forces. I would, therefore, appeal to the hon. Minister, to give proper attention to this.

Education is another problem of the children of Armed Forces personnel. This time when I was coming to Delhi to attend the Session, in the compartment there were few officers who had referred this problem to me not as officers but as citizens of the country. As far as Armed Forces are concerned, we should definitely do something for them. Hostel facility in the Central Schools where it is not available, should be provided, so that when the officers are transferred from place to place as they are required to do, their children are not affected and they can be kept in the hostels. This is one of the most important points because this concerns the future of the children of Army personnel.

So many people have said so many good things about the Army personnel. They deserve this. I know some of their problems which I do not want to project on the floor of this House because I will bring them personally to the notice of the hon. Minister which, I hope, he will look into.

*SHRI S. D. SOMASUNDARAM (Thanjavur): Mr. Chairman, Sir, I am indeed very happy to participate in the debate on the demands for Grants of the Ministry of Defence.

Sir, it is a matter of deep satisfaction to me to note that we are spending only 3 per cent of our Gross National Product on our Defence preparedness. Our neighbouring countries as also the Great Powers spend 15 per cent to 20 per cent of their Gross National Product on Defence. Even a few of the socalled undeveloped countries allocate 8 per cent to 10 per cent of the GNP on Defence. The very fact that we spend only 3 per cent of our GNP on Defence preparedness, which is among the lowest in the world, confirms beyond any shadow of doubt our commitment to peace and that by no stretch of imagination we have any aggressive designs on anyone far and near.

We are surrounded by sea on our three sides and by high mountains on the fourth side. These natural barriers might have proved impregnable barricades a few centuries ago. But, when the world has made astounding strides in scientific warfare, even nature has become the maid of man's ingenuity. I refer to this here because of the imperative necessity for

*The original speech was delivered in Tamil.

[Shri S. D. Somasundaram]

strengthening our Naval Forces. In fact, there is every need for modernising our Navy forthwith. In one of the Andaman Island, we do not know for how many days and months, some foreigners with their families had been living in great fanfare. By chance this came to our notice. This shows the glaring gap in naval vigilance around these islands. I have referred to this incident just to lay emphasis on the need for strengthening our Naval Force, if we are to be true to the maxim that eternal vigilance is the price of freedom.

Sir, the swirling waters of Indian Ocean have become the place of searing rivalry between the two Great Powers and the vast expanse of Indian Ocean has become the play ground for the gigantic Navies of these two great countries. It must be borne in mind that we are in the immediate vicinity and we will be the first victim of any overflow of international rivalry. This is another case which brings home the necessity for modernising our Navy.

Coming now to Indian Air Force, it is common knowledge that we have only outdated planes and the IAF is in the crying need of updating A high-power Committee was constituted some 8, 9 years ago to suggest a suitable engine for the IAF's strike-plane The Report of the Committee is gathering dust in the National Archives of the Government of India. As on date, the Defence Ministry has not decided on a suitable engine for the IAF plane. It is time that we take a decision on the engine and go ahead with its production speedily if our discovery is not to become stale

In 1962, 1965 and 1971 when our country's independence was threatened and when there was actual aggression on our sacred soil thousands of our young men imbued with the lofty ideal of patriotism joined our Armed Forces to protect the country's honour. Their life was nothing to them before the country's security. After the cessation of hostilities, most of them were demobilised. They were in fact thrown to the wolves of unemployment and poverty. It is regrettable that the Government have not done anything substantial for their rehabilitation. The Defence Ministry has failed to protect the honour of these vibrant young men for whom the country's honour was higher than their own. I suggest that the Central Government and also the State Governments should create job opportunities for these youngsters. They must be helped and enthused to set up small industries. These demobilised people must be given public land for cultivation. A massive rehabilitation programme has to be initiated by the Ministry for these people.

Sir, I am sorry to say that the Defence Research organisations have become staid There is every need to energise them if our Armed Forces are to keep abreast of modern scientific progress in armament.

The association and encouragement of private sector in the manufacture of small arms needed by our Armed Forces in fact whether it is the small arm or a sophisticated armament—portends danger for posterity. I would like to recall the days when the Defence Forces were held to ransom by the escalating price of trucks supplied exclusively by TATAS, which provoked Shri Krishna Menon to arrange for the production of Shaktiman Trucks in the public sector. Thus crores of rupees of public money were saved. I demand that the private sector should not be allowed to enter the Defence Sector which is vital to the security of the nation.

Sir, the Ministry of Defence should encourage the NCC set-up in all the colleges of the country, because the NCC is the major source of supply of personnel for the Armed Forces.

Before I conclude, I would stress the need for revamping the Ordnance Factories which are engaged in the production of civilian requirements, while they must exclusively concern themselves with producing defence requirements.

With these few words I conclude my speech.

DR. R. ROTHUAMA (Mizoram): Mr. Chairman, I rise to support the Demands for Grants of the Ministry of Defence. Well, I am the representative from the Mizoram which, as you know, has been declared a disturbed area following the uprising by the Mizo undergrounds since 1966. When Mizoram is a border area, I feel that we are having a very important role with regard to the national security of the country. Therefore, I would like to point out some of the problems in Mizoram which are faced not only by the Army but the civilians also. I feel that it is my duty to bring them to the notice of the proper authorities. It may be the fault of the politicians or any other authority. So, I say this without any contempt for anybody.

I have all the appreciation for our defence personnel because, particularly in times of national crisis and in Emergency, they have always stood firm in defending the country against foreign aggression. India has passed through many difficulties: India has faced foreign aggression on many occasions, in 1948, in 1962, in 1965 and in 1971.

I would, particularly, like to point out some of the problems of the people of Mizoram following the 1971 Indo-Pakistan war. At the time of leberation of Bangladesh, Mizoram being a border State with Bangladesh; we were having a lot of infiltration of East Pakistani nationals; particularly after 1971, these people from Bangladesh, particularly from the Chittagong side, have infiltrated into the Chakma area, the extreme south-west of Mizoram. Now, some of the inhabitants of that area are complaining that these people who have infiltrated into that part of Mizoram have occupied some of the lands which were being occupied before by the local people themselves. I would like to bring this to the notice of our Defence Minister, so that he may see that, if any foreign infiltrators are there, they are pushed back.

Secondly, though Mizogram has a very small population as you know we are having a good number of people in the Armed Forces, in the Defence. Most of the people, particularly the Commissioned Officers, who have retired from Defence are finding difficulty in getting employment after their retirement. This is a problem which they are facing. I feel that preference should be given to these people who have retired from the Armed Forces, particularly the Commissioned Officers who have adequate qualifications also, so that they can look after their children after retirement from the defence service.

Now, I would like to point out an important problem which we have been facing in Mizoram. It is because of the dictatorial rule of the then Congress Government that this difficulty or problem has come up in Mizoram. As the representative of the people belonging to that area, it is my duty to point this out. The problem is this. The security forces have occupied, illegally and forcibly, the private land in the heart of the villages, in almost all the villages—private dwellings, private gardens, etc. After this new Party, the Janata Party, came to power, there is no atmosphere of fear and tension. Now the people feel that they should get back those private lands, houses, etc., from the security forces. This occupation of private land by the security forces has created a lot of bitterness and anti-Indian attitude among the simple people there. Therefore, I feel that all these security forces

[Dr. R Rothuama]

should be shifted from the heart of the villages outside the villages proper—so that better relationship between the military forces and the civilians may be established I know there have been a number of incidents arising out of too much of contact between the military forces and the civilians Recently before I came there was an incident at Durtlanga village when the local people recovered two young girls from the security post That created a lot of tension and misunderstanding there Then it is not purely the fault of the armed forces alone The tribal people being foolish are taken in quite easily when they approach these people very sweetly and then trouble comes later on

These security forces are occupying private land hospital compounds and private houses in villages like Vanengte Kaunpui, Kolosib Durtlanga Sateck, Seling etc in Mizoram We are having great expectations from the Janata Government and we want that all these security forces should be shifted outside the proper villages I would appeal to the hon Minister for Defence through you Sir to consider this problem very sympathetically and find out an immediate solution to this This is absolutely essential if we want to bring the Mizoram people, particularly the hilly tribal people, in the mainstream of the national life, as the Congress people used to say previously I would once again strongly appeal that this misrule left over by the regime of the Congress Party be corrected by the new Janata Government

SHRI V KISHORE CHANDRA S DEO (Parvathipuram) Mr Chairman Sir, I rise to speak on the demands for grant of the Defence Ministry I would like to first thank you for having given me this opportunity to participate in this debate

The necessity for any country irrespective of whether the neighbours are friendly or unfriendly to have a strong defence is imperative, especially for us From the experiences of 1962, 1965 and 1971 we have to prepare our defence needs in a new light The report this year says that our country has moved forward towards cooperation and friendly relations with China and Pakistan but nevertheless the fact remains that from our experience of the past we have to learn and be prepared to encounter them in the event of any war

The allocation given for Defence is a large chunk of money from the budget and out of the money allotted to Defence sixty-five to seventy percent goes towards paying allowances, salaries, maintenances pensions etc of the armed forces It is only thirty to thirty-five per cent which actually goes into defence production, modernization of army and other important factors As far as this thirty to thirty five per cent of the money that is spent for modernization new acquisitions for the army etc is concerned there is no accountability by the Army to the Parliament or anybody else in this country

In previous years there have been cases where this money has been misappropriated by certain Generals and I am sure the hon Minister will recall that a couple of years ago, a General was even court-martialled for having built a mausoleum in a forward area We do not want to know the specifications of the missiles or ammunitions or other things on which this money is spent but we would certainly like to know how this money is being spent and for this purpose I would recommend to the hon Minister for Defence to set up a Commission, called Defence Commission as we have a Commission in

the case of Scheduled Castes and Scheduled Tribes, which would go into how this thirty to thirty five per cent of money is spent. This would help us utility of this money for improving our defence system.

The most important thing is to have a co-relation between the Defence Ministry and the External Affairs Ministry. Defence production, Defence output or Defence needs all depend on the relationship that we have with the other countries, neighbours and otherwise. So, it is absolutely necessary that there is a Coordination Cell in the Defence Ministry which should keep in touch with the Ministry of Foreign Affairs as also with the Ministry of Science and Technology to keep itself informed of developments that take place time and again

Some members have tried to argue that it is not in the interest of the country to have such a large army but I feel differently. Of course, modernisation has taken place and we are having new machines. But you need men to man the machines. Apart from that, we need a large army also for other reasons. One example is you know after the Chinese war, 25,000 square miles of the Indian territory were occupied by the Chinese in the Aksai Chin area and we have not yet been able to regain this lost territory. why? Only because a vast Chinese army is there and they are literally holding on to the territory. So, it is necessary that we have a sizeable army in keeping with the size of the country and our commitments.

Then, the 'teeth to tail' ratio should also be widened. In this report it says that it has increased by 3.7 per cent. I think it should be increased still more so that our army can be more effective and more mobile and the striking power and fire power could increase.

Then we have our Navy. What is the role of our Navy? We have a large coast-line to guard. Is the Navy required only to defend the maritime borders of the country? It has also to strike as and when necessary. First of all we have to decide what we want our Navy to do. Apart from guarding the maritime borders and defending the coastline of the country, I personally feel that our Navy should also have a vast number of fast crafts like guided missile boats, etc. The Chinese Navy consists of a large number of fast attack crafts which include guided missile patrol boats, etc., which are very effective and can strike wherever necessary, and are very fast in their movements.

We have an Aircraft Carrier, *INS Vikrant*. This is the only aircraft carrier we have. Is it wise to have aircraft carriers like this? Because when *Vikrant* goes to the sea, there are several other boats and vessels to guard it from aircraft fire and other submarine attacks. We have now the "Through Deck Cruisers" which are capable of handling verticle and straight take-off and landing (VSTUL). Added to it, another advantage is that they do not require escort vessels. I think such fast-moving vessels like "Through Deck cruisers" should replace the aircraft carriers and other conventional ships.

Then, Sir, so far as the Air Force is concerned, I am glad that our Minister for Defence has made a statement in Bangalore on the 21st of February that the country is going to buy some of these deep penetration strike aircrafts. Three aircrafts have been cited for being acquired. One is the Swedish made Viggen, the second is the French Mirage—we all know that Pakistan has a good force of Mirage plane—and the third, of course,

[Shri V Kishore Chandra]

is the Jaguar with its twin engine which is optimised for low level flying In modern warfare such an aircraft is a *must* to combat th surface to Air missiles (SAM)

The fact remains that apart from this our other aircrafts have also become obsolete and outdated which also need to be replaced and the need for this Deep Penetration Strike Aircraft is absolutely necessary and I am glad the Minister has taken a decision and I hope he will finalise this in a short time

Defence so far has been alway taken as a separate unit but I think defence should also be taken as part of our developmental planning It can be included in that

For example we have the Border Roads Organization for building roads They should do it in consultation with the Defence authorities and according to their specifications so that in times of necessity these roads could also be used by defence forces

We have a rocket-launching centre at Tumba and also in Sriharl Kota Satellites are launched to gather data about weather etc These statellites could also be used for defence purposes I would like the hon Minister to give a serious thought to th and make optimum use of other civilian projects which are already existing for defence purposes also apart from their civilian use

Then we have a Territorial Army which is actually supposed to be the second line of defence for the country I would like to state that it is lamentable that the Territorial Army has always been given a step-motherly treatment by the Defence Ministry I do not know if it is due to any inter-service rivalry Whatever it is, it is not getting its due from the Armed Force When the Territorial Army was started, then the strength of the Defence Forces was 2-1|2 lakhs and the strength of the Territorial Army was 49,000 But now when the strength of the Armed Forces has gone up to 8-1|2 lakhs, the strength of our Territorial Army has decreased to 25,000

Australia Switzerland, Russia and many other countries have started having Territorial Army The strength of the Territorial Army should be more than that of the regular Armed Forces Territorial Army serves as a sort of para-military force and a base to the Army They can serve during wars or in emergency You can recruit them directly Rather than increasing their strength the opposite has been happening in our country I hope the hon Minister will take note of this and see that actually the strength of the Territorial Army is increased in proportion to the strength of the Armed forces It should have been 20 lakhs in a country like ours

Territorial Army has been used for dumping officers who are not competent who are not deserving who are not wanted in the regular Army I would like to recommend to the hon Defence Minister that in the Territorial Army they should post officers who have a high average grading this should be made a criterion ap pointment like the appointments in the N C C and certain other cases

There are some personnel in the Territorial Army who have put in ten years service These people are supposed to have a civil avocation also But because the Government needed their service from 1962—72 their civil avocation has been rooted out These people after ten years of service have not been given any benefit They should also be given the same benefits that are given to ex-servicemen and they should be given other priorities like Priority III, in Employment Exchanges help in resettlement They should be given medical and canteen facilities also They should also be given Constitutional guarantees like those given to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes.

This Report says that 50 per cent of the housing problem of the Army has been solved. Here I would like to say that in old Delhi I have seen many of the old barracks and pre-war buildings have been just renovated haphazardly and given to the Army personnel as residential accommodation. Actually 18 to 19 per cent of the problem has been solved—may be 25 to 30 per cent at the maximum. But nevertheless housing remains a big problem. Serious thought should be given to this also.

I would like to State that the terms of the Defence Services are also not attractive enough to draw brilliant young men from the community. Army is treated as something more than that of the police less inferior to the IAS whereas the stakes of the Army officers at risk are very high. I would like to appeal to the Minister to see that more remunerative perks are given to the people joining the Defence Services

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI JAGJIVAN RAM): But thre is no dearth of these people.

SHRI V. KISHORE CHANDRA S. DEO: There may not be any dearth of these people but what we need is to draw the best people. That is not so at present, if I may say so. I hope you will increase the defence awareness of the people in the country and see that more good people come to the services.

I would like to quote General Raina who on the Army Day druing an interview said—'during the last three or four years no General's son has gone into the Army; Why is it so? If the Army's terms were so attractive and so good, then why has no Army General's sent his son to the Army?

So, Sir, I would like you to see to it that you take further steps in order to draw better men into the armed forces.

With these few words, I thank you for giving me this opportunity to speak.

**श्री बलदेव सिंह जसरोठिया (जम्मू)** : आदरणीय चेयरमैन साहब, डिफेंस किसी मुल्क की हर तरक्की की गरण्टी है और इसी तरह एक पैरामाउन्ट ड्यूटी सरकार की हुआ करती है कि मुल्क के अन्दर बसने वाले लोगों की जानमाल की हिफाजत करें। इसलिए सरकार को जनता टैक्स देती है कि सरकार हमारी जानमाल की हिफाजत करे। डिफेंस जिस मुल्क का मजबूत है उस मुल्क की हर तरक्की की गारन्टी है। हमें खुशी है कि हमारे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की तरह के हालत यहां नहीं है। बरहाल पिछली सरकार ने इमरजेंमी के दौरान कोशिश की कि मिलिटरी को पौलिटिक्स में ढकेला जाये। लेकिन मै मुबारकबाद देता हूं मिलिटरी के जनरल को कि उन्होंने अपने को इस मुल्क के अन्दर पौलिटिक्स से दूर रखा और अपनी ड्यूटी अंजाम देने के लिए हमेशा तैयार रहे। आज हम हाउस के अन्दर बैठे हुए हैं और हमारी डेमोक्रेसी बरकरार है तो उन्ही लोगों की वजह से है जिनके सामने मेरा सर झुकता है और आपके द्वारा मैं उनको बधाई देता हूं कि उन्होंने इस मुल्क की डेमोक्रेसी के लिए क्या कुछ नही किया। जहां जनता डेमोक्रेसी के लिए तड़प रही थी उसी तरह अपने मैदान के अन्दर फौज ने कमाल किया है और उनकी वजह से ही हम सदन में बैठ हुए है।

आज हमारा पड़ोसी मुल्क फिर आर्म्स रेस में एम्यूनीशन इकट्ठा करने में लगा हुआ है। 1971 मे दूसरे मुल्कों से असलाह इकट्ठा किया जा रहा था और अब भी पाकिस्तान उस दौड़ में पीछे नही है और जैसा कि रिपोर्ट में कहा गया है कि 1971 के लेविल तक सोफिस्टिकटेड आर्म्स और ऐम्युनीशन्स हमारा पड़ोसी मुल्क इकट्ठा कर रहा है। जम्मू

[श्री बलदेव सिंह जसरोठिया]

कश्मीर राज्य में आये दिन डैकेती, कैटिल लिफ्टिंग और फायरिंग के केसेज पाकिस्तान द्वारा होते है। अगर देखा जाये तो यह एक गम्भीर विषय है। इस तरफ मैं डिफेंस मिनिस्टर की तवज्जह दिलाना चाहता हूं। जम्मू कश्मीर के जो हालात हैं उनसे वह गाफिल नहीं है, लेकिन वहां जो बीत रही है उसकी तरफ उनकी तवज्जह दिलाना चाहता हूं।

यहां आर्म्स एम्यूनिशन की तरक्की के लिये बहुत कुछ कहा गया है। मै मानता हू कि डिफेंस के लिये मिसाइल्स, ऐंटी टैंक्स गन्स आदि बहुत जरूरी है, हमारी फ़ौजें लेटेस्ट हथियारों से सुसज्जित रहनी चाहिये। लेकिन इन सब से जरूरी चीज है हौसला। मैं देखता हू कि जिस तरह बाकी लोग अपने हकूकों के लिये बोट क्लब पर नारे लगाते हैं, उस तरह से फौज वाले नहीं कर सकते। इसलिये उनके हकूक की हिफाजत की गारन्टी हमारे ऊपर आती है और हमारा फर्ज हो जाता है कि हम उनके हकूकों को बनाने की कोशिश करें। इसलिये जो कष्ट उनको हो रहा है चाहे प्रोमोशन के बारे मे हो, यूनीफार्म के बारे में हो या मकानों के सिलसिले मे हो, इन सब बातों पर ध्यान अगर हम दें तो बहुत-सी तकलीफें उनकी दूर हो सकती हैं। और जब उनको खुशी होगी तो उनका मुराल ऊपर उठेगा फोर दी ग्रेटर कोज आफ़ दी कन्ट्री। 1951 की रिपब्लिक डे पर यह कहा गया था कि फौज में 5 फीसदी से ले कर 80 फीसदी 1980 तक जो प्रोमोशन का साप पूरा करना है आफिसर रैंक्स मे लिए जायेंगे। लेकिन आज तक वह पूरा नहीं किया। जैसा मुझ से पहले बोलने वाले आदरणीय मेम्बरों ने कहा, मैं भी अर्ज करना चाहता हू कि आज देश के अन्दर फौजों के अन्दर घुटन महसूस हो रही है। जो सरकार सदन में वायदे करती है और जो रिपब्लिक डे पर कहती है कि प्रोमोशन रैंक्स मे होगा जो कि हर आदमी चाहता है कि उस को तरक्की मिले ताकि मुल्क की सेवा कर सकें, लेकिन अगर कोई अवसर न मिले तो दिल में घुटन महसूस होती है। इसलिये जो वायदे यहां किये गये हैं वह पूरे किये जाये। इसी तरह से राशन का मामला है। जैसा कि हम सब जानते हैं, शायद कई मेम्बर साहेबान न जानते हो, तो उनकी जानकारी के लिये कहना चाहता हूं कि राशन के सिलसिले मे 180 ग्राम मीट हर रोज सिपाही को मिलना चाहिये। लेकिन नैवी में तो दिन मे 2 बार और एयरफोर्स मे एक बार मिल जाता है लेकिन आर्म्ड फोर्सेज के लिये हफ्ते में तीन बार मिलता है। यह जो डिस्क्रीमिनेशन होता है यह ठीक नहीं है। फोर्स मे लड़ाई के मामले मे कोई भी एक दूसरे से पीछे नही है। इस तरह की घुटन की नीति थोडा पायजन पैदा करने वाली होती है, इससे कामन काज मे ठेस पहुचती है और मैं समझता हू कि डिफेन्स मिनिस्टर साहब इसे अपने टाइम मे दूर करने की कोशिश करेंगे।

**17 hrs.**

नैवी में रिटायरशुदा अफसरान का रिएम्पलाय किया जाता है। जो काम वह करते है अगर 100 या 75 रुपये एलाउन्स मास्टर पैटी आफिसरज को दिया जाये जो कि गाहे बगाहे, वक्तन-फवक्तन आफिशियेटिंग ड्यूटी को सरंजाम देते है तो मैं नही समझता कि ऐसा न देने से हम कोई ज्यादा बचत कर सकते है। रिटायरशुदा को काम देने के मुकाबले इससे ज्यादा बचत हो सकती है और उस बचत को हम दूसरे मामलो मे लगा सकते है। लेकिन इस तरफ ध्यान नही दिया गया और यह कारण है कि आज भी इस तरफ उन लोगो के दिलो में एक किस्म की घुटन है।

आसाम, यू० पी० के पहाड़ी इलाके, हिमाचल और जम्मू में जो सोलजरी पैदा

करने वाले इलाके है, इनको हमेशा इग्नोर किया गया है। वह लोग आज महसूस करते हैं कि इस मुल्क के हिस्सेदार के नाते हम हिस्सा ले सकते है, लेकिन उनको पूरा हिस्सा नही मिल रहा हैं मैं समझता हू कि जनता सरकार और डिफेन्स मिनिस्टर इस तरफ ध्यान देकर ऐसे इलाको से जो कि पसमादा है, बैकवर्ड है, उन इलाको के लोगो की तरक्की के लिय ध्यान देंगे। जिनका पास्ट बडा उज्ज्वल रहा है, मै समझता हू कि वह उस तरफ ध्यान देगें और उनकी बेहतरी बहबूदी के लिए काम करेंगे।

जो लाग फौज मे भर्ती होते है, स्टेट सरकार द्वारा बनाये गये कानूनो के अन्तर्गत उनसे जमीन छिन जाती है और इससे उनमे डिसारलाइजेशन आ जाता है। इसीलिय लोग फौज मे जाने मे गुरेज कर रहे हैं। फौज मे सिपाही की वर्दी पहनने या कन्धे पर बन्दूक रखने से ही कोई सिपाही नही हो जाता है बल्कि उसके पीछे टैडीशन्स, रवायात स्प्रिट हुआ करती हे जिसमे सिपाही अच्छा होता है। अच्छा सिपाही तीन जेनरेशन मे पैदा होता है।

एक सिपाही अगर लडाई मे मारा जाय और उसकी बेवा के पास कोई बच्चा रह जाय तो वह उस बच्चे का लोरिया और कहानिया सुनाकर कहती है कि तेरा बाप फला जग मे मारा गया था। उसके बाद जब वह बच्चा जवा हो जाता है तो वह भी फौज मे जाता है और उसका भी यही हश्र हो ता इसी तरह से तीसरा बच्चा जब फोज मे जाता हे और उसके दिल मे इस तरह की कहानिया सुनकर जो दिलचस्पी पैदा होती हैं, वही अच्छा सिपाही होता है। यही अक्लमंदो का कहना है, जाती तजुर्बा है। इस प्रकार मे मुल्क की फौज के लिए उन बचाव के लिए सरकार का फर्ज बनता है।

आजकल एक्स-सर्विसमैन अपने मैडिल और वर्दी बेचने के लिय मजबूर होते हैं। सरकार ने यह कहा है कि हम 10, 20 फीसदी तक महकमो मे नौकरी देंगे, लेकिन प्रेक्टिस मे अमली तौर पर यह बात असलियत से कोसो दूर है। उनके दिल मे भी यह होता है कि मैरिटोरियस सर्विस मुल्क की खातिर की है, हमारा भी मुल्क मे हिस्सा है, लेकिन उनका वह हिस्सा नही मिलता है जिसके कारण वह निराश होते है। मेरा सुझाव है कि एक्स-सर्विसमैन, जिन्होने मुल्क मे सर्विस की है, उनकी आइन्दा जिन्दगी सुधारने के लिय और बेहतर बनाने क लिये यह सरकार कोशिश करे।

जम्मू कश्मीर की फोर्स अब हिन्दुस्तान की फौज मे जज्ब हा गई है और उस पर इडियन लाज और रेगुलेशन्ज लागू होते है। लेकिन सैकडो लोगो की पेंशन, तरक्की, एलाउंस और दीगर मामलात के झगडे चल रहे है। चूकि उन लोगो को उनका हक नही मिल रहा है, इसलिए उन के दिलो मे एक अग्नि सी प्रज्वलित हो रही है। यह कहा नही जा सकता है कि अपने हक हासिल करने के लिये वे लोग क्या कुछ करे। एक्स-सर्विसमैन तो सोलजर्स बोर्ड के जरिये अपने हको के लिए लड सकते है। आज भी उन लोगों की सुनवाई नही हो रही है। इसी तरह जम्मू कश्मीर की मिलिशिया, जो आज जम्मू कश्मीर लाइट इनफेन्ट्री के नाम से मौसूम है, के लोग भी इन्ही झगडो के शिकार है और उन्हे उन के हकूक नही मिले है।

इन छोटी छोटी सी बातों की वजह से उन लोगो के दिलो मे फौज के लिए जो इज्जत और प्यार होना चाहिए, वह न हो कर गुस्सा और निराशा पैदा हो जाती है इसकी वजह यह है कि उन लोगो की बेहतरी और बहबूदी के लिए,

[श्री बलदेव सिंह जसरोटिया]

उन की भलाई और तरक्की के लिए हमें जो कुछ करना चाहिए था वह नहीं किया गया ।

17.07 hrs.

[MR SPEAKER in the Chair]

मुझे आशा है कि डिफेंस मिनिस्टर साहब, जो हर लिहाज से काबिल हैं और माननीय हैं जिन्हें इन सब बातों का निजी तजुर्बा है, अपनी पहली फुर्सत में इन शिकायतों को दूर करने की कोशिश करेंगे और हर स्टेट में मौके पर जा कर इन्वैस्टीगेशन कर के देखेंगे कि लोगों को क्या दुख है । अगर हम सिपाहियों और एक्स-सर्विसमैन की रिहायिश के लिए मकानों का इन्तजाम कर पायें, तो इस में बहुत बड़ी बेहतरी हो सकती है । और लोगों के लिए सार्स आफ एट्रेक्शन भी बन सकता है ।

बेवाओं और बच्चों का वज़ीफे मिलते हैं, लेकिन इस महंगाई के जमाने में जिस प्रोपोर्शन में उन में इजाफा होना चाहिए था वह नहीं हो रहा है । इस से उन के दिलों में बेचैनी है और वह तभी दूर हो सकती है, जब कि सरकार इस तरफ ध्यान दे ।

SHRI NIRMAL CHAND JAIN (Seoni) Sir there are many speakers in the list

MR SPEAKER There are other important subjects and they may be guillotined later Now, how much time are you likely to take?

SHRI JAGJIVAN RAM Minimum of 40 to 45 minutes

AN HON MEMBER, He may reply tomorrow

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA) It is only a question of 40 minutes

MR. SPEAKER Otherwise, a number of other items will be guillotined later

श्री बलदेव सिंह जसरोटिया अगर कोई फौजी बगैर जरूरी इम्तहान पास किये हुए सिर्फ दो साल के लिए एक्टिंग रैंक होल्ड करता है, तो वह उस रैंक की पेंशन का हकदार हो जाता है । लेकिन अगर कोई अफसर सबस्टैंटिव रैंक हासिल कर लेता है मगर दो साल की शर्त पूरी नहीं करता है, और सबस्टैंटिव रैंक इम्तिहान पास करने के बाद हासिल करता है, तो उसे उस रैंक की पेंशन इसलिए नहीं मिल सकती है कि दो साल की शर्त पूरी नहीं हुई है । यह अन्याय है । इन सब बातों से फौजियों के दिलों में मुसीबतों का बहुत बड़ा पहाड़ खड़ा हो जाता है । इस लिए इन सब सवालों का हल करने की जल्द से जल्द कोशिश करनी चाहिए ।

हम ने आर्मी एग्जहिबिशन में देखा कि हमारी फौज को नई नई चीजें मुहैया की गई हैं । लेकिन अभी बहुत कुछ करना बाकी है । जो मुल्क आज तरक्की की राह पर चल रहे हैं अपनी फौज को उन के मुकाबले में लाने के लिए हम जो कुछ भी कर पाये, वह कम है । मैं डिफेंस मिनिस्टर साहब को बधाई देता हूं, इस आशा के साथ कि जो बातें मैंने अर्ज की हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए वह फौज की मजबूती, मुल्क की सुरक्षा और हम सब लोगों की बेहतरी के लिए जरूरी कदम उठायेंगे ।

श्री निर्मल चन्द्र जैन (सिवनी) अध्यक्ष महोदय, सुरक्षा का प्रश्न देश के सामने सब

से बड़ा प्रश्न रहता है । यह ठीक है कि हम शांति चाहते हैं, लेकिन हम शान्ति से तभी रह सकते हैं, जब कि हमारे पास इतनी शक्ति हो कि हम किसी भी आक्रामक को मुहतोड़ उत्तर दे सके । इसके लिये जहां हमे अपनी सेना को सज्जित करना चाहिए, वहां हमे यह भी व्यवस्था करनी चाहिये कि हम किसी भी आक्रमण का मुकाबला तो कर सके, लेकिन साथ ही हम हमेशा तैयार भी रह सके । हमेशा की तैयारी बहुत आवश्यक अंग है सेना का । गफलत जब होती है तो बड़ी गंभीर गफलत हो जाती है जो हम ने 1962 में सही है । इस कारण और इस कारण भी कि जबलपुर से मेरा संबंध है, आदरणीय रक्षामंत्री महोदय का ध्यान मैं जबलपुर में जो डिफेंस इंस्टालेशन्स है उन की ओर विशेष रूप से आकृष्ट करना चाहता हूं। बहुत पहले जबलपुर का मुख्य रूप से इसलिए चुना गया था और वहां गन-कैरिज फैक्ट्री बनाई गई थी, आर्डिनेंस फैक्ट्री बनाई गयी थी, सेंट्रल आर्डिनेंस डिपो खोला गया था कि वह हिन्दुस्तान का मध्य स्थल उसका हृदय स्थल है । वहां पर आक्रमण नहीं हो सकता । इस कारण उस को चुना गया था । मुझे खेद है कि उस दिशा में और आगे प्रगति नहीं हो पायी । सन 1942-43 के करीब वहां पर जो प्रगति थी वही पर अब वह स्थिर है । इसलिए मैं निवेदन करना चाहूंगा रक्षा मंत्री महोदय से, कि जबलपुर की जो के तीन इंस्टालेशन्स है उन के ऊपर विशेष ध्यान दिया जाय । और न केवल उन की पुरानी परिपाटी के अन्तर्गत ऐसा किया जाय बल्कि नये नये प्रयोगों का भी एक कारखाना वहां खोलना बहुत आवश्यक है । आज देश में नये प्रयोग चाहिये । हम शायद उनकी गिनती यहां नहीं कर सकते, सेना के लोग शायद उन की उतनी गिनती नहीं कर सकते जितना कि हम विज्ञान के विद्यार्थियों को वहां पर बैठा कर सेना के बारे में उन से नये नये प्रयोग करा सकते है।

राडार का हमें अनुभव है कि जितना सॉफिस्टिकेटेड राडार रहेगा उतना ही हम सक्षमता से यह पता लगा सकते है कि दुश्मन इस समय हमारे ऊपर क्या गतिविधियां लगाए हुए है, वह कितनी दूरी पर है । हमें तैयारी का उतना मौका मिलता है । हमें उस का मुंह तोड़ने का अवसर प्राप्त होता है ।

उस कारण से और दूसरे कारणों से भी यह बहुत आवश्यक है कि हम अपने अस्त्र यहीं हिन्दुस्तान में बनाये, नये नये प्रयोग कर के बनाये । दूसरी जगहों से अस्त्र या और जो कुछ भी लेते है उस के बारे में उन को पता रहता है कि उन्होंने हमें कौन सी चीज दी है । लेकिन जो हमारी खुद की कला रहती है विज्ञान रहता है उस के बारे में उन को जानकारी नहीं हो सकती। नैट विमान ने दिखा दिया है कि वह बहुत कुछ करने की क्षमता रखता है । तो ये नये प्रयोग निरन्तर चलते चले जाएंगे और इस के लिए मैं पुनः दोहराना चाहता हूं कि जहां पर हमारे डिफेंस इंस्टालेशन्स काफी मात्रा में है, जबलपुर में वहीं पर और भी कुछ नयी प्रयोगशालाएं और नये कारखाने खोलने बहुत आवश्यक है ।

**श्री जगजीवन राम** : जहां कुछ नहीं है वहां भी होना चाहिए ।

**श्री निर्मल चन्द्र जैन** : वह तो होगा । जिन के पास कुछ नहीं है वे तो मांगेंगे ही लेकिन जहां पर कि सुविधा है, वहां पर

[श्री निर्मल चन्द्र जैन]

एक तो इस दृष्टि से और दूसरे इस दृष्टि से भी देखना चाहिए कि जितना एक सेंट्रल प्लेस कोई हो सकता है वह उतना ही अच्छा है ।

**श्री जगजीवन राम** : वह जमाना बीत गया ।

**श्री निर्मल चन्द्र जैन** : जमाना भी वही है और निश्चित रूप से हम बार बार उसी जमाने की बात याद आती है ।

तो मैं एक निवेदन तो यह करना चाहता हूं । दूसरा मेरा निवेदन यह है कि इस समय तट-सुरक्षा का एक अलग संगठन बहुत आवश्यक है । अब समुद्र की सीमा का जो विस्तार हुआ है दो सौ मील तक उस के लिए अभी तक अलग से कोई तट सुरक्षा का संगठन नहीं है । मैं इस ओर भी ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि वह संगठन एक अलग से बनाना चाहिये और उसके लिए जो भी आवश्यक कार्यवाही करने की आवश्यकता हो वह पार्लियामेंट के अंदर या सुरक्षा मंत्रालय के अंदर होनी चाहिए ।

अभी हमारा आर्म्ड डिवीजन और सुरक्षा के सम्पूर्ण संगठन पर लगभग 4 प्रतिशत व्यय होता है । जो दूसरी चीज है, जो हमारी रोजी रोटी है वह तो निश्चित रूप से आवश्यक है लेकिन रोजी रोटी बरकरार बनी रह सके उस के लिये मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस पर पुनर्विचार किया जाए और सुरक्षा पर यदि अधिक व्यय कर सकने की क्षमता हम प्राप्त कर सकें तो बहुत उत्तम होगा ।

इन शब्दों के साथ मैं आदरणीय सुरक्षा मंत्री महोदय को अभी तक जो उन्होंने किया है उस के लिए बधाई देना चाहता हूं लेकिन साथ ही निवेदन करना चाहता हूं कि इन बातों की ओर भी विशेष ध्यान दें ।

**श्री आर० एल० कुरील** (मोहनलाल-गंज) : आदरणीय सभापति महोदय, आज डिफेंस मिनिस्ट्री के बजट पर बात चल रही है । जहां तक सुरक्षा का सवाल है, यह बहुत ही आवश्यक है, सबसे टाप प्रायर्टी पर इसको लिया जाना चाहिये इस में कोई दो मत नहीं है। यह सुरक्षा बजट बहुत ही सराहनीय है । मंत्री महोदय ने जैसा बजट रखा है और उस में जो प्रावधान किए है वह वास्तव में बहुत सराहनीय है । जिस जिस विभाग में भी हमारे मंत्री महोदय रहे हैं, यह प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किस खूबसूरती और अच्छाई से उन्होंने अपने विभाग को निभाया है । इस विभाग में भी, जहां सुरक्षा सर्वोपरि है, तमाम दूसरी बातों से उस को ऊपर रहना चाहिये, उस को ध्यान में रखते हुए जिस ढंग से उन्होंने बजट पेश किया है वह वास्तव में सराहनीय है ।

इसके साथ ही साथ मैं अपने कुछ सुझाव भी रखना चाहता हूं । जिस प्रकार से और विभागों में शेड्यूल्ड कास्ट्स और ट्राइब्ज के लिए रिजर्वेशन के हिसाब से सहूलियतें दी जाती हैं इस विभाग में उसका कोई कंसिड्रेशन नहीं है । सेना में जो रेजिमेंट्स हैं वह जातिवाद के आधार पर बनी हुई हैं । इसको तोड़ना चाहिए । या तो एक अलग से हरिजन रेजिमेंट्स बनाई जानी चाहिए या फिर जातिवाद के आधार पर जो एग्जिस्टिंग रेजिमेन्ट्स बनी हुई हैं उनको तोड़ा जाये । इस प्रकार से जो मिलिट्री अकादमी है, या जो मिलिट्री स्कूल हैं जिन में ट्रेनिंग

दी जाती है, उन मे शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज का कोई प्रतिनिधित्व हीं है । वहां पर यह वर्ग बिल्कुल ही उपेक्षित है । इस वर्ग के लिए वहां पर कोई भी ध्यान नही दिया जाता है । इसलिए मेरा निवेदन है कि हर एक सैनिक स्कूल में और अकादमी मे इस वर्ग का अच्छी तरह से रिप्रेजेन्टेशन होना चाहिए । जहां तक योग्यता और अयोग्यता की बात है, योग्यता कुर्सी मिलने के बाद आती है । आप किसी को साइकिल छूने न दें और कह कि तुम साइकिल चलाना नही जानते तो यह बात समझ मै नही आ सकती। पहले से ही यह अनुमान लगा लेना कि हरिजन वर्ग उस मे सफल नही होगे मे उस बात को नही मानता । यह तो वही बात हुई कि किसी को साइकिल छूने न दे और कहे कि तुम साइकिल चलाना नही जानते । आप पहले ही अनुमान लगा देते है कि वह साइकिल चलाना नही जानते । पहले आप उस को साइकिल दे और फिर देख कि वह उस का चला पाता है या नही । इस लिए मेरा निवेदन है कि इस वर्ग का आप विशेष ध्यान रखें । हिन्दुस्तान का इतिहास बतलाता है कि हिन्दुस्तान के केवल 25 प्रतिशत लोग, चार वर्णों मै से केवल एक वर्ण, हिन्दुस्तान की रक्षा के लिए रहा है और इसी वजह से हिन्दुस्तान गुलाम रहा, विदेशियो ने इस का लूटा, यहा तक कि गुलाम वंश तक यहा पर शासन कर गया । इसका क्या कारण है ? कारण साफ़ है — अन्य तीन वर्णों का सुरक्षा के लिये अयोग्य समझा गया. केवल एक ही वर्ण को युद्ध और रक्षा के लिए रखा गया लेकिन हम को देश की 75 प्रतिशत आबादी को इस तरह से इगनोर नही करना है, हर वर्ग के लोगों को उस में पूरा प्रतिनिधित्व दिया गए, इस बात का ध्यान रखना है । जातिवाद के आधार पर जो रेजिमैन्ट्स बनाई जाती है, जैसे जाट रेजिमेन्ट या दूसरी इस तरह की रेजिमेन्ट्स, उन को समाप्त करना चाहिए या पापुलेशन के हिसाब से उस मै कोटा फिक्स किया जाय, जिस मे हर वर्ग के लोगो को उस मै प्रतिनिधित्व मिल सके ।

जो लोग आज देश की सीमाओ पर देश की रक्षा के लिये लड़ते है, उन को जो सुविधाय प्राप्त है, वे बिल्कुल अपर्याप्त है । वे तो सीमाओ पर लड़ते है, लेकिन यहां उन के बच्चो को परेशान किया जाता है, पुलिस या दूसरे लोग उन को सैकेण्ड-ग्रे या का सिटिजन समझते है, यह बात समाप्त होनी चाहिये। उन को उचित सम्मान मिलना चाहिये । जो देश की रक्षा करते है, उन के साथ यह व्यवहार बहुत अमानवीय है, गलत है ।

मे मत्री महोदय से एक निवेदन विशेष रूप से करना चाहता हू —कास्ट के बेसिज पर जो रेजिमेन्ट्स बनी हुई है या तो उन को तोडिये या शेड्यूल्ड कास्ट्स, शेडयूल्ड ट्राइब्ज और बैकवर्ड क्लासेज, की रेजिमन्ट का सेना मे स्थान दे, जिस से कि इस वर्ग को, जिस की सख्या देश मै करीब-करीब 80 प्रतिशत है, यह प्रतिनिधित्व मिल सके।

अन्त मे मै मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूँ— उन्होंने इतना अच्छा बजट बनाया है। मै उन से यही निवेदन करना चाहता हूं कि इस में

[श्री आर एल कुरील]

कुछ ऐसा प्राविजन रखे, जिस से एम्पलाइज को, स्पेशली डिफेन्स एम्प्लाइज को कुछ और अधिक मिल सके।

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम)** अध्यक्ष जी, सदन के चारो तरफ से हमारे सुरक्षा सेनाओ के अफसरो, हमारे जवानो, को जो प्रशसा दी गई है, उस के लिय मे इस सदन को धन्यवाद देता हू। वे प्रशसा के योग्य है और मैं भी अपनी तरफ से डिफेन्स फोर्सेज के आफसरो और जवानो की प्रशसा भेजता हू।

अध्यक्ष जी, यह स्पष्ट है कि हमारी नीति शान्ति की नीति है, सभी देशा के साथ मित्रता करने की मति है और विशेषकर जो हमारे पडौसी देश है, उनके साथ प्रेम का व्यवहार हो, मित्रता का व्यवहार हो और उन के साथ हम शाति के साथ अच्छे पडौसियो के रूप मैं रह सकें—यह हमारा प्रयत्न है। लेकिन दुनिया के इतिहास मै बहुत सी ऐसी घटनाय हुई है, जहा शाति का अन्दाजा न करते हुए भी कुछ देश दूसरे देशो के साथ छेडखानी कर देते है। उस स्थिति के लिये हम को तैयार रहना है। मे विस्तार के साथ इस बात मैं नही जाना चाहूगा, लेकिन सदन को यह ज्ञात है, कि हमारी तरफ से बारबार यह प्रयत्न हुआ है कि पाकिस्तान के साथ हमारा सम्बन्ध मित्रता का सम्बन्ध हो जाये, बगला देश के साथ हमारा सम्बन्ध मित्रता का सम्बन्ध हो जाये चीन के साथ जो तनाव है, उस तनाव मैं थोडा ढीलापन आ जाय। लेकिन हम कितना भी आगे बढे, जब तक हाथ दोनो तरफ से नही बढाये जाते, तब तक मित्रता नही होती है। हम ने अपनी तरफ से हाथ बढाया खुशी की बात है, उधर से भी हाथ कुछ बढा है। हमने आगे बढ कर मित्रता करने का प्रयत्न किया है श्री राजू ने कहा कि पाकिस्तान के साथ युद्ध नही होगा, इस बात की घोषणा हो और इस बात के लिए हम प्रयत्न करें: मै मानता हू कि हम प्रयत्न करे और हमारा और उन का रिश्ता एक साधरण रिश्ता बन जाए, उस मे कृत्रिमता न रहे लोगो का आदान-प्रदान होने लगे, व्यापार तिजारत होने लगे, इस के लिए मै समझता हू कि इस बात की घोषणा न करते हुए यह घोषणा के तुल्य हो सकता है और इसलिए मै, इस तरह की घोषणा के लिए हम अपनी तरफ से वहा पहुचे, इस बात की आवश्यकता नही समझता चीन के बारे मे बराबर हम ने कहा है कि हमारे सम्बन्धो मे जो तनाव है उस तनाव को ढीला करने मे हम लगे और एक दफा तनाव ढीला हो जाएगा तो मै समझता हू कि और भी रास्ते निकल सकेंगे जैसा हमारे प्रधान मत्री जी ने कहा है कि हमारी भूमि पर जो चीन का अधिकार है उस बात का भी वर्तालाप कर के सुलझाया जा सकता है। मै इन बातो का जिक्र इसलिए कर रहा हू कि किसी देश की सुरक्षा नीति उस देश की विदेश नीति के ऊपर निर्भर करती है और विदेश नीति निर्धारित करने मे सुरक्षा का ख्याल रखा जाता है और उस मे वे सब बाते कर ली जाती हैं।

डा० कर्ण सिंह जिन को हमारे अधिकारियो मे हमारे जवानो से मिलने का बहुत मौका मिलता है जो उन की आशाओ और आकाक्षाओ का ध्यान रखते हैं, उन को यह भी जानकारी रहती है कि जो उन की अवस्था है, उस मे उन की मनोवृत्ति क्या है—मै भी कई सुझाव दिये हैं एक तो उन्होंने कहा कि रिसर्च और डिवेलपमेंट के सम्बन्ध मे सभी प्रकार के वैज्ञानिको की सलाह लेने के लिये एक कौसिल होनी चाहिए। उन को मालूम होना चाहिए कि हमारी एक रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट के लिए एक कौसिल है उसमे

न्यूक्लियर एनर्जी, स्पेस रिसर्च और सी० एस० आई० आर० के लोगो का सम्बन्ध है और उस कौंसिल में सभी का प्रतिनिधित्व है। और इस से ऊंची और कोई कौंसिल हमारे देश में सम्भव होगी, ऐसा मै नही समझता। ठीक उसी तरह से हमारी सेना के ऊपर कोई कौंसिल हो, इस का सुझाव श्री यज्ञदत्त शर्मा ने दिया, और उस में कौन हो? जो अवकाश प्राप्त अफसर हो, उन की वह कौंसिल हो, ऐसा उन्होंने कहा। मैंने पिछली दफा बताया था कि हमारी तीनों सेनाओं के अध्यक्षों की एक कमेटी है और वह कमेटी बराबर मिलती रहती है। उन तीनों अध्यक्षों में जो सब से वरिष्ठ होता है, सीनियर होता है, वह उस कमेटी का अध्यक्ष होता है और इन तीनों का समन्वय करने का एक और भी रास्ता हमारे पास है, जिस का कहते है डिफेन्स मिनिस्टर्स मोर्निंग मीटिंग। आम तौर पर सप्ताह में एक बार हमारी मीटिंग होती है, जिस में रक्षा मंत्री, हमारे राज्य मंत्री, सचिव उत्पादन विभाग के सचिव, कैबीनट के सेक्रेटरी और हमारी तीनों सेनाओं के अध्यक्ष होते हैं। उस का कोई एजेन्डा नही होता है। वहा पर बातें होती है, नीति निर्धारित होती है और कही पर अगर कोई रुकावट आती हो, तो उस को सुलझाने का काम होता है कैसे तीनो में समन्वय हो, इस पर विचार होता है। इस तरह से वहा पर तीनों सेनाओं के काम का समन्वय होता है। इस से ऊंची और किसी कमेटी का निर्माण नही किया जा सकता है और इस कमेटी के रहते हुए मैं किसी और कमेटी की आवश्यकता नही समझता हूं। सेना का आधुनिकीकरण, माडरनाइजेशन एक ऐसा विषय है जिसके ऊपर बराबर ध्यान देते रहना पडता है। जिस गति से आज विज्ञान और टैक्नोलोजी की प्रगति हो रही है, उसमें हमें बराबर प्रयत्नशील रहना पडता है। कि कहीं हम पीछे न पड जाएँ, हमारे अस्त्र-शस्त्र पुराने न पड जायें। नये से नये अस्त्र-शस्त्र हमारे पास हों, पुराने अस्त्र-शस्त्रों का हम नवीनीकरण करते रहे। जब नये अस्त्र-शस्त्र हम लायेंगे तो यह मानी हुई बात है कि जिन लोगो को उन अस्त्र-शस्त्रों का इस्तेमाल करना है, उनको प्रशिक्षण भी देना होगा। अगर हम उनका प्रशिक्षण नही देते है तो उन अस्त्र-शस्त्रों का ला कर क्या करेंगे। चाहे ये मिसाइल हो, राकेट हो, नये टैंक हो, नये हवाई जहाज हो, नये तोप हो, जो कुछ भी हम लावे, उनके लिए हमको अपने लोगो का प्रशिक्षित करना है। यह मैं कोई गुप्त रहस्योदघाटन नही कर रहा हू अगर मैं यह बता दू कि जहा से हम इन चीजो को खरीदते है, वहा सब से पहले हम अपने लोगो को भेजते है ताकि वे वहा शिक्षा ग्रहण कर ले और उन्हे पूरी तरह से देख ले। डा० कर्णसिंह को यह भी मालम है कि बीच-बीच मे हम अपने सैनिको और अफसरों को प्रशिक्षित करने का प्रबन्ध करते है जिससे कि जो वे सीख चुके है वह उनकी शिक्षा पुरानी न पड़ने पावे और नया जो कुछ हमारी फौज में आ गया है, उसकी जानकारी उनको हो जावे। इसके लिए हम बराबर प्रयत्न करते रहते है।

तीनो सेनाओं—थल सेना, वायु सेना और नौ सेना—का समन्वय होना बहुत ही आवश्यक है। पाकिस्तान के साथ पिछले युद्ध मे केवल अपने देश को ही नही बल्कि सारी दुनिया को यह देख कर आश्चर्य हुआ कि भारत में तीनो सेनाओ का किस तरह से सफलता-पूर्वक समन्वय किया गया। पैदल सेना किधर चलेगी, वायु सेना के द्वारा उसको किस प्रकार समर्थन प्राप्त होगा और उसी समय नौ सेना क्या गुजरेगी, इस प्रकार का समन्वय करने का हमारा बराबर प्रयत्न रहता है। तीनों सेनाओ का समन्वय रहे, तीनो का शक्ति संतुलन रहे यह बराबर प्रयत्न रहता है। इसके साथ ही फौज में नये टैंकों का आना,

[श्री जगजीवन राम]

नये मिसाइलो का आना, नये औजारो का आना भी आवश्यक है और यह हम करते रहते है ।

उत्पादन के सम्बन्ध मे राज्य मंत्री ने बताया, मैं उसके बारे मे इस सदन का समय नहीं लेना चाहूगा लेकिन इतना जरूर कहूगा कि दूसरे मुल्को से जिस चीज को हम लेते है उसको आगे यहा भी बनाने का प्रयत्न करते है और इसको बनाने के साथ साथ अब तो हमने यह रखा है कि उस चीज के पार्टस और पुर्जे हम सिर्फ अपने ही इस्तेमाल के लिए नही बनायेगे बल्कि जिस मुल्क से हमने जो चीज ली है बनने वाली चीज के लिए भी हम अपने पार्ट्स और पुर्जे भेजेगे ।

हवाई जहाज के बारे में यहा चर्चा चली । इस सम्बन्ध मे इस सदन के माननीय सदस्यो को मैं यह बता दू कि हमारे कुछ हवाई जहाजो की उम्र कुछ ज्यादा हो गयी है । कुछ हमारे लडाकू हवाई जहाज केनबरा वगैरह, हैं वे पुराने हो गये हैं । यह मानी हुई बात है कि पुरानी चीज को हटाया जाता है और जब पुरानी चीज को हटाया जाता है तो फिर उसी तरह की चीज को नही खरीदा जाता है । अगर हमारे पास मोटर गाडी है, वह खराब हो गयी है, पुरानी हो गयी है तो फिर हम यह प्रयत्न नही करेगे कि 27 माडल का शेवरलेट ही खरीदें । हम प्रयत्न करेगे कि अच्छे से अच्छी आधुनिक मोटर कार खरीदे । यह डी० पी० एम० ए० का लेकर के बहुत तरह की चर्चा अखबारों मे हो रही है । मैं तो यह कहना हू कि हमारे जहाज पुराने पड गये है । अब उनकी जगह पर जो जहाज हम खरीदेगे वे उसी माडल के नही खरीदेगे, आधुनिक माडल के खरीदेगे । यह मोटी सी बात है । इसमें जल्दी करने की भी बात नही है । हमारे एक्सपर्ट्स लोग जो इस के माहिर हैं, उनकी टीम तीन देशों मे गयी थी और जहाजो को देख कर के आयी है और सम्भवत: उसने आज अपना रिपोर्ट भी दी होगी । हम जल्दी ही उसके बारे मे केबिनेट की कमेटी मे विचार करेगे और फैसला करके इन तीन मुल्को में से जिससे भी खरीदना होगा खरीद लिया जाएगा । लेकिन खरीदने के साथ साथ हमारा यह प्रयत्न होगा कि हम उन्हे अपने ही देश में बनायेगे और बनाने के साथ साथ हमने एक शर्त यह भी रखी है कि जो हम अपने देश में बनायेगे उनमे से पार्टस और पुर्जे वहा वाले हमसे खरीदेंगे । मध्य मैरीन पनडुब्बी के लिए भी इन्तजाम कर रहे है । सात आठ पार्टियो से इस सम्बन्ध मे भी चर्चा हुई हमारे लोग गए थे देख कर आए है । वहां से लोग आए है कुछ बात हुई है । सिद्धान्त रूप से सरकार का फैसला हो चुका है कि हम पनडुब्बी खरीदेंगे और साथ ही साथ उनको अपने देश में बनायेंगे । आत्मनिर्भरता की तरफ जाने का यही तरीका है कि हम खरीदे और फिर उसको अपने देश मे बनाने लगें और उसके पार्ट पुर्जे सभी बनाए और उन्हे दूसरे देशों मे निर्यात करें ।

पहले जो कुछ किया गया उस मे थोडा सा अभाव, त्रुटि रही है कि हम तेजी के साथ उनके पार्ट पुर्जे बना कर स्वावलम्बी नही हो सके । लेकिन अब तेजी के साथ उस तरफ हमारे कदम उठ रहे है और जल्दी हम उस में आत्म निर्भर हो जाना चाहते है ।

किसी माननीय सदस्य ने कहा कि यहां पर हवाई जहाज बनने चाहिये । प्रो० शेर सिंह ने बताया है कि वे तो हम बना रहे है । हैलीकाप्टर भी बना रहे है । [बाकी जहाज बना रहे है कुछ ऐसे भी जिनका हम लोगो ने डिजाइन बनाया है । उस हिसाब से बना रहे है । हम तेजी के साथ आगे बढ रहे है । एक तरफ लोग कहते है कि यहा हिन्दुस्तान को डिवेलपिंग कंट्री कहा जाता है वह बहुत से मुल्को की तुलना मे यह एक डिवे लप

कंट्री है। यह सही बात है। कुछ मुल्कों की तुलना मे हम डिवेलपिंग कंट्री है लेकिन उन मुल्को की तुलना में चाहे वह अमरीका हो इग्लैंड हो रूस हो कई एक क्षेत्रों मे हम डिवैलेप्ड कंट्री कह जा सकते हैं, इस मे कोई सन्देह की गुजाइश नहीं है।

हमारी फौज की जो उपलब्धियां है उसको देखते हुए हम कह सकते है कि हमारी फौज किसी देश की फौज की तुलना मे किसी तरह से कम नही है। यह किसी मुल्क के लिए बहुत श्रेय की बात होती है।

इसी तरह से टैंको के मामले म भी हम बहुत आगे बढे है। एक गौरव की बात है। दूसरे देशों से जब पूछा जाता है कि क्या हम आप टैंक द सकेंगे, दूसरे मुल्का से पूछा जाता है कि क्या क्या हथियार आप दे सकेंगे क्या एम्युनिशन द सकेंगे। इससे यह मालूम होता है कि हम ने भी प्रगति का है। पिछले 20–25 सालो मे देश में औद्योगिक आधार का निर्माण हुआ है। किसी देश की सुरक्षा के लिए औद्योगिक आधार का निर्माण होना नितान्त आवश्यक होता है। एक इंडस्ट्रियल बेस की बहुत आवश्यकता होती है। हम सुरक्षा के उपादानों वे सम्बन्ध मे स्वावलम्बी नही हो सकते और सुरक्षा के उपादानों मे स्वावलम्बी होने के लिए इंडस्ट्रियल बेस का होना आवश्यक होता है। प्राइवेट सैक्टर हो, पब्लिक सैक्टर हो, सरकारी सैक्टर मे हो, सब मिल कर एक राष्ट्रीय सैक्टर बन जाता है। हमने प्रयत्न किया है कि सुरक्षा के उत्पादनों के काम मे हम सभी सैक्टर्ज से चाहे पब्लिक हो या प्राइवेट जितना उसका उपयोग कर सकते है उतना ही अच्छा होगा। यह तो गलतफहमी है और हमेशा ख्याल रखना चाहिये कि चाहे किसी क्षेत्र का उद्योगपति हो सरकार की शक्ति से उसकी शक्ति बड़ा नही हो सकती है। तब कैसे कहा जा सकता है कि उद्योगपति आपके ऊपर सवार हो जाएगा? जिस देश के अन्दर अपनी शक्ति का उसको भरोसा नही है वही वैसा कह सकता है नही तो किसी उद्योगपति की शक्ति सरकार की शक्ति से बड़ी नही हो सकती है या उद्योगपतियों की सामूहिक शक्ति भी सरकार से बडी नहीं हो सकती है। इसलिये हम तेजी से स्वावलम्बी होना चाहते है।

एक बात और है। देश मे किसी बात के निर्माण के लिए क्षमता हो तो वही क्षमता फिर अर्पित करना देश के साधनों का दुरुपयोग करना होता है। ये दोनों दृष्टिकोण हमारे सामने है।

तीनों सेनाओं मे बहुत लोग है। देश गरीब है। साधन सीमित है। फौज के लोगो की सर्विस कंडीशनज, काम करने की हालत का कुछ तुलनात्मक दृष्टि से देखना होगा। उनको बिल्कुल समाज से अलग करके तो नही सोच सकते है। हमारे मन मे आता है कि इतने परिश्रम का काम करते है उनके लिये हम कुछ कर दे। लेकिन देखना पडता है कि देश का जितना साधन है उसके भीतर ही हमको प्रबन्ध करना पडेगा। फिर भी हमारे अफसर की जब बहाली करनी होती है तो जितने की आवश्यकता हो उससे कई गुना आवेदन-पत्र आते है। जहां तक जवानों की भर्ती करने का सवाल होता है वहा जितनी आवश्यकता होती है उस मे न मालूम कितने गुना आ जाते है, कही नही पर ला एंड आर्डर की समस्या खडी हो जाती है। आप यह मान लीजिये कि हमारे फौज की बहाली स्वैच्छा की बहाली है, हमारे देश की फौज वौलेन्ट्री फौज है। किसी अफसर स बात होती है तो मालूम होता है कि उनके ग्रान्ड फादर फौज मे थे, उनके पिता थे, वह भी फौज मे है और उनके लडके भी फौज मे है, और बडे फख्र से कहते है कि हमारे तीन लडके है और तीनों फाइटिंग फार्मेशन मे है। तो इससे मालूम होता है कि हमारे लोगों मे इसके प्रति देशभक्ति की भावना है और एक प्रतिष्ठा की भावना है। आज भी फख्र के साथ कहते है कि हमारा बेटा नैवी, एयर फार्स या फौज

[श्री जगजीवन राम]

मे है । मै नही समझता कि उसकी तरफ ध्यान देने में लोगो को कोई सकोच हो रहा है । यह जरूरत है कि उनके काम करने के हालात का हम बराबर सुधारते रहे ।

श्री हरि देव ने कुछ बातें कहीं जवानो के खाने के सम्बन्ध में अस्पताल में खाने के सम्बन्ध में । मुझे ऐसा लगता है कि जिसने उनका भाषण बनाया उसने कुछ न्याय नहीं किया । मैं उनको दावत देता कि ये जिन प्रश्नो को मुझसे कहा कि आप चलकर तुम्हारे अस्पताल का खाना देखना चाहते हैं अचानक चलें और वहां के खाने को खा कर देखें और तय करें कि खाना खराब है या अच्छा है । और दवा के सम्बन्ध में कहा कि दवा अफसर और जवान को नहीं दी जाती है बल्कि बीमार को दी जाती है । और इसलिये जिस बीमार को जिस तरह की आवश्यकता है उसी तरह की दवा उसको दी जाती है । हमारे मिलिटरी अस्पतालों से यह शिकायत नहीं आया है अभी तक । और अगर कहीं से शिकायत उनके पास है तो कोई नजीर हमारे पास लिखे तो मैं देखूंगा। ऐसे कहने से कुछ नहीं होता है । हमारे यहां कुछ डिसग्रन्टल्ड लोग है उनकी सारी बातो को इकट्ठा कर दिया जाय तो हमारी सारी आर्मी का डिमॉरेलाइजेशन हो जाता है । मैं नहीं समझता कोई भी जिम्मेदार सदस्य चाहेगा कि भारतीय सेना का डिमॉरेलाइजेशन कर दिया जाय । और इसलिए जिसने लिख कर भाषण दे दिया उसने उनके साथ न्याय नहीं किया है ।

नौसेना के सम्बन्ध में मैं मानता हूं कि उसका महत्व बढ़ता जा रहा है । और इसलिये हमारे डिफेंस बजट के अनुपात में भी नौसैना के ऊपर बढ़ोत्तरी हो रही है । पहले 7 प्रतिशत था, लेकिन इस साल 10 प्रतिशत हो गया है । अगले साल 11 प्रतिशत से ज्यादा हो जायगा । तो हम नौसैना के महत्व को समझ रहे हैं इसलिये नये नये उसमें युद्धपोत भी लगा रहे हैं । अपने यहां फ्रिगेट भी बना रहे है, उनमें नये तरह का वेतन सिस्टम लगा रहे है, नये तरह के हथियार लगा रहे हैं मिसाइल का भी प्रबन्ध कर रहे है जिससे हमारी नौसैना एक सक्षम नौसैना बन सके और जो जिम्मेदारी उसके ऊपर पड़े उस जिम्मेदारी को वह निभा सके । और जिम्मेदारी उसकी यह है कि हमारे जल की सुरक्षा करे हमारे मरकैन्टाइल पोतों का अर्थात जो वाणिज्य करने वाले जहाज है उनकी सुरक्षा दे सके । हमारा कोस्ट सागर तट लम्बा है । कोस्ट गार्ड के लिए भी संगठन बन गया है । मैंने पिछली दफा बताया था यहां किसी प्रश्न के उत्तर में कि उसका निर्माण हो चुका है उसके लिए कुछ जहाज ले लिये गये है और एक सक्षम कोस्ट गार्ड का निर्माण होगा जो हमारे समुद्र तट की निगरानी कर सके ।

कोचिन का प्रश्न माननीय राजू ने उठाया था । कोचिन सिविल पोर्ट है हमारी नौसैना का नहीं है । विशाखापटनम का पूरा विकास हो रहा है यह आपको मालूम है । और मैं विस्तार के साथ नहीं कहना चाहूंगा क्योंकि श्री राजू उसके बारे में ज्यादा जानते है । इतना ही कहूंगा कि विशाखापत्तनम का काफी विकास किया जा रहा है । करोड़ो रुपये उसमें लग रहे है ।

हमारी फौज से जो लोग निकलते है, उनकी एक बड़ी समस्या है । यह समस्या विशेषकर बड़ी इसलिये हो जाती है क्योंकि देश में जो बेकारी की समस्या है उसके संदर्भ में देखने पर यह बहुत जटिल मालूम होती है । 50 60 हजार लोग साल मे फौज से हटते है और मान ले कि इसमें से आधे लोगों के लिये भी रोजगार का इन्तजाम करना है तो 25, 30 हजार लोगों का इन्तजाम करना हुआ । हमने केन्द्र के विभागो मे राज्य सरकारों की

नौकरियो मे, हमारी जो पब्लिक अण्डरटेकिंग्ज हैं, उनकी नौकरियो मे सेना से निकले हुए लोगो के लिय रिजर्वेशन किया हुआ, है, सरक्षण किया हुआ है, लेकिन कठिनाई यह हो जाती है कि जिस तरह की योग्यता के आदमो उनको चाहिये, हमारे फौज मे निकले हुए लोगो के पास वह योग्यता नहीं होती है। हम प्रयत्न कर रहे है कि प्रशिक्षण देकर उनको उस योग्य बना सके। अफसरो के लिये भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे इस तरह की योग्यता इनमे सके कि वे सिविल मे भी काम कर सके इस तरह की योग्यता उनमे आ सके।

हमने पिछली दफा यह प्रयत्न किया था कि जब सालजर या सीमैन फौज से निकलना है तो उसके 6 महीने पहले ही हम किसी टैक्नीकल या वोकेशनल ट्रेड मे उसे प्रशिक्षण दे जिससे वह नौकरी पा सके या सैल्फ एम्पलायमेट मे लग सके। स्वय कोई रोजगार कर सके। उसकी एम्पलायेबिलिटी बढ सके, रोटी कमाने की योग्यता बढ सके। इसलिय यह कर रहे है। यह स्कीम चल रही है, और कारगर सिद्ध हुई तो इसको बडे पैमाने पर चलाना है। लेकिन इस चीज का नहीं भूलना चाहिय कि कोई भी ट्रेड करे, उसमे एक अवस्था ऐसी आ जाती है जब सैचुरेशन प्वाइन्ट हो जायगा। इलैक्ट्रिशियन को ट्रेनिग करे तो एक नम्बर आने के बाद इलैक्ट्रिशियन्स को माग नही रहेगी। तो यह समस्या टेढी हो जाती है। अगर इन्ही लोगो के लिये सरक्षण कर दे तो समस्या ज्यादा टेढी होगी क्योकि इन लोगो को तो कुछ न कुछ पेशन मिल रही है, लेकिन जो नई लेबर फोर्स आ रही है, उसको तो कोई आमदनी नही है। यदि सम्पूर्ण रूप से देखे तो मालूम होता है कि जिसको 140 रुपये मिल रहा है, उसको प्राथमिकता दी जाये या जिसको कुछ भी नही मिल रहा है, उसको प्राथमिकता दी जाये ? इसीलिये मैंने कहा कि यह एक टेढा सवाल हो गया है। जब हम सोचते है तो एकांगीरूप से तो नही सोचना पडता है, इसको सम्पूर्ण संदर्भ मे सोचना पडता है, लेकिन फिर भी हम प्रयत्न कर रहे है कि इन्हे जमीन देकर, सैल्फ एम्पलायमेट देकर, बैंको मे कर्जा दिलाकर ट्रान्सपार्ट मे या किसी न किसी काम मे यह लाग लग सके, इसका प्रबन्ध किया जा रहा है।

और भी बहुत से छोटे-छोटे प्रश्न उठाये गये है, लेकिन उन प्रश्नो के बारे मे मैं माननीय सदस्यों से यह निवेदन करूंगा कि जिन की जनरल इम्प्लीकेशन नही है, जो समस्या एक या दो व्यक्तियों से सम्बन्ध रखने वाली है, वह अगर हमें लिख दे तो उसका ज्यादा समाधान हो सकेगा, बनिस्पत उसे सदन मे उठाने के और जिनका सम्बन्ध सबसे है, वह यहा उठाये। जिस का जवाब हम नही दे सकेंगे, उसके बारे मे भी हम इतना आश्वासन देंगे कि विभाग मे सब के ऊपर विचार करायेंगे और उस पर जो कुछ उचित कार्यवाही करानी होगी वह करायेंगे।

जहा तक लेबर रिलेशन्ज का सम्बन्ध है, मै कहूंगा कि आमतौर से सतोषजनक है। लेकिन हमारी भी कठिनाई बढ जाती है, आजकल हमारे देश मे जो सम्पूर्ण श्रमिक आन्दोलन की समस्या है, वह ट्रेड-यूनियनो की बहुतायतता है। एक-एक इडस्ट्री मे कई-कई यूनियनें हो गई है। (व्यवधान) जितनी हमारी परेशानी है, उससे ज्यादा परेशानी श्री रवीन्द्र वर्मा की है। लेकिन हम लोगो की परेशानी हो जाती है। कभी कभी तो ऐसा होता है कि माग के मुद्दे पर उतना झगडा नहीं होता है, जितना इस बात पर झगडा होता है कि इस प्रतिष्ठान मे मान्यता किस की रहेगी। अगर माग पूरी भी होने को होती है, तो यह झगडा होता है कि इस यूनियन के द्वारा क्यों हो, हमारी यूनियन के द्वारा हो। या मांग को इस तरह बढा दिया जाता है कि समस्या

[श्री जगजीवन राम]

सुलझने न पाय । हम इस सम्बन्ध मे सदन के सदस्यो का सहयोग चाहेगे । अगर यूनियनो को तादाद कम हो, तो समस्या कुछ सुलझ सकती है और श्रमिको तथा मालिको के सम्बन्ध अच्छे बन सकते है ।

अध्यक्ष महोदय, मै सदन का अधिक समय नही लेना चाहता हू । मै फिर कहूगा कि हमारी सुरक्षा सेनाओ के तीनो अगो—स्थल सेना, जल सेना और वायु सेना——के अफसर और जवान देशभक्ति से अनुप्राणित है । जब जब अवसर आया है, उन्होने सिद्ध किया है कि मातृभूमि की मर्यादा का रखने के लिए वे किसी भी त्याग को बडा त्याग नही समझते है । जातिभेद, वर्णभेद और भाषाभेद, कोई भी इस मे रुकावट नही पैदा कर सका है ।

एक युग था, जब कुछ लडाकू जातिया समझी जाती थी । वह युग बीत गया । चाहे कोई मद्रास का हो बगाल का हो केरल का हो या पजाब का हो मैने पिछले पाकिस्तान युद्ध मे उन सब मे होड करते हुए देखी——उन मे इस बात की प्रतियोगिता थी कि भारत माता के स्वाभिमान को बचाने के लिए कौन अगली कतार मे रहेगा । और सब से बडे पारितोषिक पाने वालो मे मद्रास का एक युवक था बिहार का एक आदिवासी था । इस लिए यह कैसे माने कि जो परम्परा मे युद्ध लडने वाली जातिया समझी जाती थी, वह कुछ न्यायसगत बटवारा था ? जब अवसर आया, तो सब ने सिद्ध किया कि बलिदान देने की शक्ति सब मे है । मै मानता हू कि माननीय सदस्यो द्वारा भारतीय सुरक्षा सैन्य की प्रशसा और उन के द्वारा यह बात स्वीकार किया जाना उन का अनुप्राणित करेगा, उद्वेलित करेगा और मातभूमि के लिए अपना सर्वस्व निछावर करने के लिए उत्साहित करेगा । मै उन की तरफ से सदन के प्रत्येक मैम्बर को धन्यवाद देना चाहता हू, और आशा करता हू कि हमारी मागे सर्वसम्मति से स्वीकार की जायगी ।

MR. SPEAKER I shall now put all the Cut Motions moved to the Demands for Grants of the Ministry of Defence for 1978-79 to vote together unless any hon Member desires that any of his Cut Motions may be put separately I now put all the Cut Motions together to the vote of the House

*All the Cut Motions were put up and negatived*

MR SPEAKER I shall now put the Demands for Grants to the vote of the House The question is

"That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the fourth column of the Order Paper be granted to the President out of the Consolidated Fund of India *to complete* the sums necessary to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1979, in respect of the heads of demands entered in the second column thereof against demands Nos 19 to 24 relating to the Ministry of Defence"

*The motion was adopted*

MR SPEAKER We shall take up the next item tomorrow We can rise five minutes earlier, we deserve it We adjourn to meet again at 11 00 a m tomorrow

**17.55 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, March 28, 1978/Chaitra 7, 1900 (Saka).*